नई दिल्ली
गुरुवार, 4 जनवरी 2024
पौष मास, कृष्ण पक्ष
अष्टमी, वर्ष : 27, अंक : 270
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 17
न्यून. 09

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सिराज ने झटके 6 विकेट अफ्रीका सिर्फ 55 पर ढेर



केपटाउन। केपटाउन में आयोजित भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मेजबान देश के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। भारत के खिलाफ अफ्रीका ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम स्कोर बनाया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के आगे मेजबान देश 23.1 ओवर में सिर्फ 55 रन पर सिमट गई। सिराज ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच की शेष पेज 5 पर

## हिंडनबर्ग मामले में अडाणी ग्रुप को क्लीन चिट पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर गौतम अडाणी ने कहा- 'सत्यमेव जयते'

# 'सेबी' की जांच सही, एसआईटी से अब पड़ताल की कोई जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंडनबर्ग केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सेबी की जांच में कोई खामी नहीं है। ऐसे में अब इस मामले में एसआईटी से जांच करवाने का कोई औचित्य नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सेबी की जांच नियमों के तहत हुई है। गौर हो कि सेबी ने शेष पेज 5 पर

सेबी ने 25 अगस्त को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि उसने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है, 2 मामलों में जांच विदेशी संस्थाओं से हो रही देरी के चलते पूरी नहीं हो पाई है।





1 ऐसी याचिकाएं जिनमें पर्याप्त शोध की कमी है और उनमें अप्रमाणित रिपोर्टों पर भरोसा किया गया है, उन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता।

2 कोर्ट ने सेबी से कहा है कि मौजूदा नियामक तंत्र को बेहतर बनाने के लिए एक्सपर्ट कमेटी के सुझाव पर काम करे

### और, क्या कहा शीर्ष कोर्ट ने?

निवेशकों के हित में नियामक तंत्र और मजबूत किया जाए

ओसीसीपीआर की रिपोर्ट के आधार पर सेबी की जांच पर संदेह नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए वित्तीय क्षेत्र में नियामक तंत्र को मजबूत करने, सुधार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय करने को कहा है। यह अस्थिरता का शिकार न हो, जैसा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद देखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से जस्टिस एएम सपरे की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में सुझावों को शामिल करने को कहा है।



### क्या है मामला?

जनवरी में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और अडाणी ग्रुप के जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट में 4 जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। इन पीआईएल में अडाणी ग्रुप के खिलाफ तरह-तरह की जांच के आदेश देने की अपील की गई थी। इन याचिकाओं को सुनने के बाद ही 2 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने मार्केट रेगुलेटर सेबी को आदेश दिया था कि वो अडाणी ग्रुप के डिस्क्लोजर और शेयरों के भाव में हेरफेर की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को रिपोर्ट सौंपने के लिए दो महीने का वक्त दिया। बीते साल अप्रैल में सेबी ने कोर्ट से जांच पूरी करने में 6 महीने का वक्त मांगा, लेकिन कोर्ट ने उसे सिर्फ 14 अगस्त तक शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने प्रभारी नियुक्त किए



नई दिल्ली। इस साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पार्टी में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई मोर्चों के प्रभारी नियुक्त किए हैं। नड्डा ने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारियों की शेष पेज 5 पर

### 'राम आएंगे'... पीएम ने की जमकर तारीफ



नई दिल्ली। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने राम आएंगे..भजन का लिंक शेयर किया है और इसे मंत्रमुग्ध करने वाला बताया है। पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भजन शेयर किया है और लिखा है कि राम लला के स्वागत में मंत्रमुग्ध कर देने वाला है ये भजन।

### जिस मूर्ति पर झगड़ा हुआ, वो मूर्ति कहां है?



इंदौर। अयोध्या में रामलला की मूर्ति को लेकर चर्चा तेज है। इस बीच कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान आया है। दिग्विजय सिंह ने कहा, ...जिस राम लला की मूर्ति पर सारा झगड़ा हुआ, वो मूर्ति कहां है? वो मूर्ति स्थापित क्यों नहीं हुई? नई मूर्ति की आवश्यकता क्या पड़ी? इन सवालों के जवाब आना चाहिए।

## केरल के त्रिशूर में पीएम मोदी ने किया रोड शो, महिलाओं की रही अपार भीड़

'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, इस बीच लोगों ने की फूलों की बारिश

# दुनिया ने देखा, नारी शक्ति विकसित भारत के 'संकल्प सिद्धि' की 'सबसे बड़ी गारंटी'



पीएम मोदी ने अपने किए गए कार्यों को सामने रखा

| 500 | 51 | 4 | 315 | 45 | 220 | 11 | 10,000 | 10 | 70,000 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किमी का मेट्रो ये मोदी की गारंटी है | करोड़ बैंक खाते ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुफ्त आवास ये मोदी की गारंटी है | मेडिकल कॉलेज ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुद्रा लोन ये मोदी की गारंटी है | मुफ्त वैक्सीन ये मोदी की गारंटी है | करोड़ नल से जल ये मोदी की गारंटी है | जन आयुष केंद्र ये मोदी की गारंटी है | करोड़ लोगों को फ्री गैस कनेक्शन ये मोदी की गारंटी है | किमी नेशनल हाइवे ये मोदी की गारंटी है |

### देशभर में मोदी की गारंटी की चर्चा, लेकिन यह 'स्त्री शक्ति' का मुझ पर मात्र आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल के त्रिशूर में पीएम नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। रोड शो में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। पीएम मोदी पर लोगों ने फूलों की बारिश की। लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी ने भाजपा के महिला सम्मेलन में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं कि 'स्त्री शक्ति' मुझे आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में यहां एकत्र हुई हैं। मोदी ने कहा कि केरल की बेटियों ने देश की आजादी में अहम भूमिका है।

■ केरल में रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

पीटी ऊषा हो या बॉबी जार्ज हो ये देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। सौभाग्य से मैं शिव की नगरी कहे जाने वाले काशी संसदीय क्षेत्र से सांसद हूं। यहां वडक्कुनाथन मंदिर में भी भगवान शिव विराजमान हैं। केरल के त्रिशूर से निकलने वाली ऊर्जा पूरे केरल में नई आशा का संचार करेगी। मोदी की गारंटी की चर्चा है। लेकिन, मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं।




**महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम में मोदी को बधाई दी**

इसे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर भाजपा का चुनावी बिगुल माना जा रहा है। संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर मोदी को बधाई देने के लिए भाजपा की केरल इकाई ने थेक्किनकाडु मैदान में 'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' नामक सम्मेलन का आयोजन किया है।

### कई क्षेत्रों की महिलाएं रहीं शामिल

भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं हो रही हैं। जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। सुरेंद्रन ने कहा, अभिनेत्री-नृत्यांगना शोभना, क्रिकेटर मिन्नू मणि, उद्यमी बीना कन्नन, गायिका वाईकॉम विजयलक्ष्मी और भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाली मारियाकुट्टी उन लोगों में शामिल कार्यक्रम स्थल साझा कर रही हैं। केरल की राजनीति में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा का प्रभुत्व है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में और अधिक राष्ट्रीय नेता दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे और लोगों से संवाद स्थापति करेंगे।



### लक्षद्वीप में लाभार्थियों के साथ की बातचीत, 'एक्स' पर किया साझा

पीएम ने लक्षद्वीप के कवरत्ती में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद लक्षद्वीप में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस बातचीत की कुछ झलकियां पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर भी साझा की।

### फुले और नाचियार को दी श्रद्धांजलि



पीएम मोदी ने सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनकी करुणा और साहस से समाज के लिए किए गए प्रेरणादायक कार्यों को याद किया। अपने निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से सावित्रीबाई फुले ने महिला उत्थान और सामाजिक सुधारों में का नेतृत्व किया।

# ईरान में आतंकी धमाके, मारे गए 100 से ज्यादा

एजेंसी ▶▶ केर्मान

ईरान के केर्मान शहर में बुधवार को एक के बाद एक हुए दो धमाकों में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए। राज्य मीडिया के मुताबिक अल-ज़मान मस्जिद के पास हुए विस्फोट में 170 अन्य लोग घायल हो गए। केर्मान के डिप्टी गवर्नर ने इसे एक आतंकी हमला करार दिया है। ऑनलाइन जो वीडियो प्रसारित किया गया है, उसमें सड़क पर कई शव दिखाई दे रहे हैं। ईरानी मीडिया के मुताबिक कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क पर गैस कनस्तरों में विस्फोट हुआ। केर्मॉन प्रांत के रेड क्रिसेंट के प्रमुख रेजा शेष पेज 5 पर

### रिमोट से किए गए दो धमाके, 170 घायल



### भगदड़ में भी कई लोग घायल हुए

दावा किया गया कि कासिम सोलेमानी की कब्र के पास धमाके हुए। हालांकि, विस्फोट के कारण के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। विस्फोटों के बाद मची भगदड़ में भी कई लोग घायल हुए हैं। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हर तरफ चीख-पुकार मच गई

*पहला धमाका साहेब अल-जमान मस्जिद के पास हुआ। इसके थोड़ी देर बाद ही दूसरा विस्फोट भी हुआ। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घटनास्थल पर धुएं का अंबार देखा गया। थोड़ी ही देर में इलाका मृतकों और घायलों से पट गया। हर तरफ चीख-पुकार मच गई। यह वही जगह है, जहां कासिम सुलेमानी को दफनाया गया था।*

## मादा चीता आशा ने तीन शावकों को दिया जन्म




*श्योपुर। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से नए साल में एक नई खुश कर देने वाली खबर सामने आई है। आर थिरूकुलर, डीएफओ, कूनो श्योपुर ने 'हरिभूमि' को बताया कि कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा ने 26 दिसंबर को तीन स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इससे चीता प्रोजेक्ट ने अपनी सफलता* शेष पेज 2 पर

### नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश

# उड़ानें रद्द होने और देरी के मामले में यात्रियों को मिलेगी बड़ी 'राहत'

*ऐसे में रद्दीकरण के मामले में एयरलाइंस या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या हवाई टिकटों की पूरी वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमान यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे और अन्य परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण उड़ानें रद्द होने और देरी को लेकर एयरलाइंस और ऑपरेटरों से यात्रियों के साथ न्याय करने को



कहा है। बुधवार को यह सलाह विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सभी एयरलाइंस और ऑपरेटरों को अचानक उड़ान रद्द होने और अधिक देरी की स्थिति में दी है। ऐसे में रद्दीकरण के मामले में एयरलाइंस या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या हवाई टिकटों की पूरी वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी।

### सख्ती से होगा दिशा-निर्देशों का पालन

ऑपरेटर प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइंस के साथ एक बैठक में विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुद ऑपरेटरों से उड़ान रद्द करने या देरी और रिफंड नीतियों के मामले में नागरिक उड्डयन जरूरतों का सख्ती से पालन करने के लिए कह चुके हैं। इसके बाद दिसंबर में सरकार ने उड़ान रद्द होने और देरी के कारण हवाई यात्रियों को मुआवजे के लिए निर्देश जारी किए।

### भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से अवगत कराने...

अयोध्या नगरी को 'रामानंद सागर की धरोहर' से राममय करने में जुटी योगी सरकार

# राम नगरी अयोध्या में सात स्थानों पर हो रहा रामायण धारावाहिक का विशेष प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

मैं हूं अयोध्या
मैं हूं राम का घर
प्राण-प्रतिष्ठा तक लगातार कवरेज

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार रामनगरी अयोध्या का न सिर्फ भौतिक, बल्कि आध्यात्मिक रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है।

भावी पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से अवगत हो और उन मूल्यों से जुड़ाव महसूस कर सके, इसके लिए योगी सरकार 1987 में पहली बार प्रसारित हुए रामानंद सागर कृत 'रामायण' टीवी धारावाहिक का भी अयोध्या में लगभग सात स्थानों पर विशेष प्रसारण करा रही है। राम नगरी में रामायण का प्रसारण शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर कई स्थानों पर किया जा रहा है।

*अयोध्या में विकास कार्यों को गति देने में जुटे श्रमिक अपने दिन भर का कार्य पूरा करके जब घर लौटते हैं तो रास्ते में वह इस प्रसारण को देखकर नई ऊर्जा से भर उठते हैं*



रामकथा पार्क संग्रहालय, कनक भवन के पास, श्रीराम आश्रम, अशर्फी भवन, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, लक्ष्मण किला आदि स्थानों पर इसका प्रसारण किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम के विग्रह की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ही निराकार रामलला के साकार होने की लालसा ने अयोध्यावासियों को इस कदर भाव विह्वल कर दिया है कि रामायण के प्रसंगों में वह अपने-अपने राम को अंगीकार होते देख रहे हैं।

# शीतलहर की चपेट में दिल्ली, पारा सामान्य से चार डिग्री नीचे लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नए साल के तीसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली शीतलहर की चपेट में और घने कोहरे वाला रहा। अधिकतम पारा सामान्य से 4 डिग्री नीचे लुढ़क गया। मौसम विभाग ने मंगलवार को सबसे ठंडा दिन के रूप में दर्ज किया है। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने अनुमान जताया है कि गुरुवार को भी दिल्ली वालों को हाड़ कंपकंपा देने वाली शीतलहर का सामना करना पडेगा। जबकि इसके अगले तीन चार दिन भी राजधानी वालों के लिए के कड़ाके की सर्दी का सामना करने वाले हो सकते है। हालांकि इस दौरान पारे में मामूली राहत मिल सकती है, लेकिन कड़ाके की सर्दी जारी रहने की संभावना ज्यादा है। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में अधिकतम पारा एकाएक चार डिग्री नीचे लुढ़क कर 15.6 रह गया। जबकि न्यूनतम पारा औसत स्तर पर 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हालात यह रहे कि लोगों ने मजबूरी में ही घरों से बाहर निकला उचित समझा। कड़ाके सर्दी की वजह से सबसे ज्यादा



परेशानी बच्चों, बुर्जुगों व महिलाओं को उठानी पड़ी। दिल्ली में सुबह से ही आसमान पर बादल छाए दिखाई दिए। तेज शीत लहर की वजह से लोग घरों में ही दुबके रहे। दोपहर बाद आसमान से सूरज झांकता दिखाई दिया लेकिन तपिश गायब रही। आईएमडी के अनुसार सुबह के समय दिल्ली में घना कीरा पसरा रहा। जिसके चलते सड़क, रेल व हवाई यात्रा पर प्रतिकूल असर पड़ा। भारतीय रेलवे के अनुसार सुबह के समय घने कोहरे के चलते लगभग 26 रेलगाड़ियां एक से छह घंटे की देरी से चली। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गई। इस दौरान, सापेक्षिक आर्द्रता 89 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 328 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में गिना जाता है। दूसरी तरफ बताया कि दिसंबर 2023 राष्ट्रीय राजधानी में छह वर्षों में सबसे गर्म महीने के रूप में दर्ज हुआ है। दिल्ली में इस महीने के दौरान एक भी दिन शीतलहर वाला दर्ज नहीं किया गया। बता दें कि दिल्ली में नए साल की पहली सुबह यानी एक जनवरी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।



नई दिल्ली। गाजीपुर फूल बाजार में माला बनाते लोग।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेराय ने बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र के निगम पार्षदों और संबंधित अधिकारियों के साथ की एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर के अलावा नेता सदन मुकेश गोयल, अन्य पार्षद, उपायुक्त आकांक्षा शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में महापौर ने पार्षदों की समस्याएं सुनी और चर्चा के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में नियमित रूप से पेड़ों की प्रूनिंग की जाए,हाई मास्ट लाइट ठीक की जाएं। आवारा पशुओं की समस्या का हल निकाला जाए, यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑटो टिप्पर सुचारू रूप से कूड़ा उठाने आते रहे। इसके साथ ही महापौर ने सिविल लाइंस क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चल रहे कार्यों की रिपोर्ट भी मांगी।

### इकबाल ने की लोगों के लिए नई आम माफ़ी योजना लाने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष राजा इक़बाल सिंह ने मांग की है कि दिल्ली वालों को राहत देने के लिए आम आदमी पार्टी जल्द से जल्द नई आम माफ़ी योजना लेकर आए। इकबाल ने आरोप लगाए कि आम आदमी पार्टी की महापौर को निगम सदन की कार्यवाही की कोई जानकारी तक नहीं है। हालात यह है कि आप पार्टी के शासन में दिल्ली के लोग संपत्तिकर विभाग में इंस्पेक्टर राज से बुरी तरह परेशान है। जबकि आप पार्टी ने लोगों पर संपत्ति कर का बोझ बढ़ाया है। इससे पहले नेता विपक्ष राजा इक़बाल से मिलने डीडीए मोती महल, आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया व पहाड़गंज होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संपत्ति कर के संबंध में मुलाक़ात की थी।

## बदले की राजनीति से भेजे जा रहे हैं समन : आतिशी

# केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहता है केंद्र : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को केंद्र सरकार पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने समन को बदले की राजनीति बताया और कहा कि ईडी ने केजरीवाल के बार-बार लिखित अनुरोधों का जवाब नहीं दिया है, जिसमें यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि उन्हें पूछताछ के लिए क्यों बुलाया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ईडी से बार-बार पूछा है कि वह बताएं कि उन्हें पूछताछ के लिए गवाह या आरोपी, किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। उन्होंने ईडी से सभी संबंधित प्रश्नों को एक प्रश्नावली



के रूप में भेजने के लिए भी कहा है जिसका विधिवत उत्तर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप इस तरह के समन से नहीं डरती। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) विपक्षी नेताओं पर हमला करने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए एक राजनीतिक उपकरण बन गए हैं।

### आबकारी नीति का पूरा मामला है राजनीतिक : सौरभ भारद्वाज



दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने ईडी के समन के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि ईडी ने अब तक यह जवाब नहीं दिया है कि केजरीवाल को गवाह या आरोपी के तौर पर, किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। आबकारी नीति का पूरा मामला राजनीतिक है और यह केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने का एक प्रयास है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कराने की साजिश रची है। भारद्वाज ने कहा कि करीब एक साल से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया देर-सबेर निर्दोष साबित होंगे।

### भाजपा के समन का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं हैं केजरीवाल : राय



आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अगर ईडी कानूनी तौर पर उनसे जवाब चाहती है तो वे सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे भाजपा के समन का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री राय ने कहा कि ईडी भाजपा है और भाजपा ईडी है। अरविंद केजरीवाल ने (अपने लिखित जवाब में) ईडी से कुछ सवाल पूछे लेकिन उन्होंने अब तक जवाब नहीं दिया है। भाजपा नेता ईडी की ओर से जवाब दे रहे हैं। क्यों? ऐसा लगता है कि भाजपा नेता ईडी के प्रवक्ता बन गए हैं। यह भाजपा का समन है और हम उनका जवाब देने के लिए बाध्य नहीं हैं।

### केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से बुरी तरह डरी हुई है भाजपा : संदीप

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि जिस तरीके से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ रही है उससे भाजपा बुरी तरह डरी हुई है। भाजपा ने मनीष सिसोदिया को पिछले एक साल से ज्यादा के समय से जेल में बंद कर रखा है लेकिन उनके पास से अभी तक एक रुपया भी बरामद नहीं हो पाया है। यह बीजेपी का एक राजनीतिक षड्यंत्र है जिसके तहत अरविंद केजरीवाल को समन भेजे जा रहे हैं। भाजपा किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल को लोकसभा के चुनाव प्रचार से दूर रखना चाहती है। पूरी भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है।

### हम भाजपा के दुष्प्रचार के सामने नहीं झुकेंगे : प्रियंका कक्कड़



आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा केवल एक नेता केजरीवाल से डरती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विपरीत हम कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं और हम कानून का पालन करते हैं। लेकिन हम भाजपा के दुष्प्रचार के सामने नहीं झुकेंगे।

### केजरीवाल को देश की न्याय व्यवस्था पर नहीं है विश्वास : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि जिस तरह आज फिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समक्ष प्रस्तुत होने से इंकार किया और कानूनी रूप से लचर बहानेबाजी कर रहे हैं वह साफ दर्शाता है की उन्हें देश की प्रशासनिक एवं न्याय व्यवस्था पर विश्वास नहीं है और उसके बाद एक सवाल खड़ा होता है क्या अब उन्हे मुख्यमंत्री बने रहने का नैतिक आधार बचा है। सचदेवा ने कहा कि यदि अरविंद केजरीवाल को ईडी के



नोटिस गलत लगते हैं तो वह पत्र पत्र खेलने की बजाये सम्बंधित न्यायालय जायें पर वह जानते हैं कि उनका केस साफ भ्रष्टाचार का है और न्यायालय से राहत मिलना लगभग असंभव है। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल की तरह मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, विजय नायर आदि भी ईडी नोटिस को गलत बताते थे, फिर पेश हुए और आज अनेक प्रयासों के बाद भी किसी न्यायालय से जमानत पाना तो दूर हर न्यायालय से फटकार पा रहे हैं। सचदेवा ने कहा है केजरीवाल बताएं कि जिन केस नोटिसों के आधार सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं उसी केस में केजरीवाल को मिला नोटिस कानूनी रूप से गलत कैसे हो सकता है।

### ईडी की कार्रवाई से डरे हुए हैं केजरीवाल : भाटिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी मामले में ईडी की ओर से तीसरी बार समन जारी न होने के बाद भी सीएम अरविंद केजरीवाल का बुधवार को उसके सामने पेश न होने पर भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोल दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई से दिल्ली के सीएम डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के किस स्तर के राष्ट्रीय संयोजक हैं केजरीवाल ये पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी की कार्रवाई कई लोगों के खिलाफ जारी है। कुछ लोगों को गलतफहमी है कि वो कानून से ऊपर हैं। कानून की ताकत और संविधान का अपना अलग रसूख होता है। सीएम अरविंद केजरीवाल पर अब वही कानून भारी पड़ रहा है। जबकि अभी तक दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ईडी को चैलेंज करते आ रहे हैं।

## पेंशन लाभार्थियों के लिए दिल्ली सरकार ने शुरू किया दो दिवसीय मेगा कैंप

### कैंप में रुकी हुई पेंशन का समाधान करवा सकते हैं लाभार्थी : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग ने अपने पश्चिमी जिले के कार्यालय में बुजुर्गों और दिव्यांगों के साथ अन्य पेंशन लाभार्थियों के लिए आज से दो दिवसीय मेगा कैंप शुरू किया है। जिन लाभार्थियों की पेंशन किसी कारण रूक गई है। वह लाभार्थी इस कैंप में आकर अपनी पेंशन शुरू करवा सकते हैं। इस बात की जानकारी बुधवार को समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने दी है। मंत्री आनंद ने कहा कि अपने कैंप कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान जनता को होने वाली इन समस्याओं के समाधान हेतु यह कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए थे। पेंशन लाभार्थियों को बार-बार जिला कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, इसका ध्यान रखते हुए उक्त कैंप में ही सभी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। ताकि आने वाली तकनीकी दिक्कतों का समाधान त्वरित ही मिल सके। इस मेगा कैंप में पश्चिमी जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान ले सकेंगे। जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं में मादीपुर, राजौरी गार्डन, हरी नगर, तिलक नगर, जनकपुरी, विकासपुरी, नांगलोई जाट शामिल है।

## केजरीवाल सरकार के रोजगार मेले बन गए सिर्फ तमाशा : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को कहा है कि दिल्ली में 5 सालों में 20 लाख रोजगार मुहैया कराने का वादा करने वाली दिल्ली सरकार एक भी व्यक्ति को रोजगार नहीं दे पाई। दिल्ली सरकार ने इस दौरान 10 रोजगार मेले आयोजित किए और उन पर करोड़ों रुपये खर्च किये लेकिन एक भी व्यक्ति को रोजगार देने का रिकॉर्ड दिल्ली सरकार के पास नहीं है। इन मेलों के प्रचार पर भी करोड़ों रुपये खर्च किये गये। बिधूड़ी ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए दिल्ली विधानसभा के सत्र में भाजपा विधायकों ने दिल्ली में रोजगार उपलब्ध कराने के बारे में दिल्ली सरकार से सवाल पूछे थे लेकिन इसके जो जवाब दिए गए, उनसे दिल्ली सरकार की सारी पोल

- करोड़ों रुपए खर्च करके भी किसी को नहीं दी नौकरी
- आप सरकार ने 5 साल में 20 लाख नौकरियां देने का किया था वादा

खुल जाती है। दिल्ली सरकार ने 2022 में बड़े ही जोर-शोर से बजट पेश करते हुए वादा किया था कि अगले पांच सालों में 20 लाख लोगों को रोजगार दिए जाएंगे। इस बजट को रोजगार बजट का ही नाम दिया गया था लेकिन यह सब केवल शोशाबाजी ही थी।

बिधूड़ी ने बताया कि मैंने स्वयं इस बारे में जो सवाल पूछा, वह भी दिल्ली सरकार की पोल खोल देता है। इससे यह भी पता चलता है कि दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेले भी केवल तमाशा बनकर रह गए। बिधूड़ी ने पूछा था कि दिल्ली सरकार ने कितने रोजगार मेले आयोजित किए, उन पर कितना खर्च हुआ और कितने लोगों को रोजगार दिया गया। दिल्ली सरकार ने बताया कि 2015, 2017, 2018 और 2019 में बड़े मेले आयोजित किए गए और इसके अलावा छह छोटे स्तर के रोजगार मेले आयोजित किए गए। जाहिर है कि इन पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए।

## आतिशी ने पीडब्ल्यूडी और कानून विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# कानून मंत्री ने घटिया निर्माण कार्य पर अधिकारियों को दिए निलंबित करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की कानून मंत्री आतिशी ने द्वारका स्थित न्यायिक अधिकारियों के आवासीय परिसर में 'घटिया निर्माण कार्य' के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने कांट्रेक्टर को भी ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिए हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने बुधवार को दी है।

गौरतलब है कि द्वारका के सेक्टर 19 स्थित न्यायिक अधिकारियों के आवासीय परिसर में हुए घटिया निर्माण कार्य पर कानून मंत्री आतिशी ने बुधवार सुबह पीडब्ल्यूडी और कानून विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने कानून मंत्री के साथ




साझा किया कि, 2014 में शुरू हुआ द्वारका सेक्टर 19 में न्यायिक अधिकारियों के लिए तैयार किए जा रहा 70 फ्लैटों का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चला और साथ और निर्माण कार्य के पूरा होने से पूर्व ही उसमें स्ट्रक्चरल खामियां आने लगी है। कानून मंत्री आतिशी ने इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लिया और कड़े शब्दों में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि द्वारका में न्यायिक अधिकारियों के आवासीय परिसर के घटिया निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए और कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट किया जाए।

उन्होंने कहा कि इमारत के ढांचे में आई खामियां अधिकारियों की लापरवाही और गैर-जिम्मेदार रवैये का परिणाम है और केजरीवाल सरकार में ये हरगिज बर्दाश्त नहीं है। केजरीवाल सरकार की ऐसी लापरवाहियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। कानून मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी जिम्मेदार व्यक्तियों पर तत्काल सख्त से सखत एक्शन ले और भविष्य के लिए मिसाल स्थापित करें ताकि आगे कोई भी ऐसी लापरवाही करने की सोचे तक नहीं।

# एलजी ने दो अधिकारियों के खिलाफ गबन के मामले में सीबीआई जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के वन विभाग में हुए तथाकथित 223 करोड़ के घोटाले के मामले में सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। राज निवास के अनुसार एलजी सक्सेना ने दिल्ली सरकार के वन विभाग में दो अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा जांच की अनुमति दी है। जबकि एलजी ने रिश्वत के एक अन्य मामले में भी सरकारी अस्पतालों की दो नर्सों के खिलाफ एसीबी को जांच करने की अनुमति दे दी। एलजी ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम की धारा 17ए के तहत जांच के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इस मुद्दे पर एलजी ने कहा है कि आरोपियों के खिलाफ जांच करना और पूछताछ करना न्याय के हित में है। इसलिए ऐसे गंभीर मामलों



की जांच गहनता से सभी साक्ष्यों को उजागर करने के लिए सीबीआई जांच जरूरी है। बता दें कि सीबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा की पहाड़गंज शाखा के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एल ए खान के साथ आपराधिक साजिश में शामिल होने के आरोप में वन और वन्यजीव विभाग में तत्कालीन वरिष्ठ लेखा अधिकारी पारसनाथ यादव और सहायक लेखा अधिकारी आलम सिंह रावत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में कथित तौर पर एक जाली पत्र के आधार पर संड्री खाते से उसी शाखा में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के नाम पर एक नकली बचत खाते में 223 करोड़ रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर किए गए थे।

जाली पत्र वन और वन्यजीव विभाग द्वारा जारी किया गया था। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की दो महिला कर्मचारियों के खिलाफ कथित रिश्वत मामले में एसीबी ने उन पर दो नर्सिंग अधिकारियों से हल्की ड्यूटी की अनुमति देने के लिए प्रत्येक से 60 हजार रुपये की मांग करने का आरोप है। आरोपियों की पहचान चंचल रानी पिसल्ला और रजनेश वर्मा के रूप में हुई है, जो उस समय जीबी पंत अस्पताल में डिप्टी नर्सिंग अधीक्षक और नर्सिंग अधिकारी के रूप में तैनात थीं।

## खबर संक्षेप

### साइबर सिटी में तेंदुआ की दहशत, दो पर हमला



**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम के नरसिंहपुर में अल सुबह एक तेंदुआ ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान तेंदुए ने एक दर्जन घरों में उत्पात मचाते हुए दो लोगों को जख्मी कर दिया। ग्रामीणों ने तेंदुए के घरों में आतंक मचाने की जब सूचना वाइल्ड लाइफ विभाग को दी तो रेस्क्यू टीम सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन करीब सात घंटे तक चला। इसके बाद तेंदुए को बेहोश कर काबू किया गया।

### जिला निगरानी समिति के सदस्य बने मडोतिया



**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशानुसार जिला स्तरीय सतर्कता निगरानी समिति कमेटी का गठन किया गया जिसमें भनकपुर गांव के पूर्व सरपंच सचिन मडोतिया को भी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। मडोतिया ने डीसी विक्रम सिंह, कमेटी सचिव जिला कल्याण अधिकारी, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, अजय गौड़ का आभार माना।

### 20 किलो से अधिक गांजा बरामद,2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने गांजा तस्करी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नीतीश तथा रोहन का नाम शामिल है। आरोपी नीतीश बिहार के बेगूसराय तथा आरोपी रोहन बिहार के मुंगेर एरिया का रहने वाला है जो दोनों आरोपी फरीदाबाद में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे।

### फरार चल रहा तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने लड़ाई-झगड़े के मुकदमे में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गौरव उर्फ काली है जो आदर्श नगर एरिया का रहने वाला है। पीड़ित संजय ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दोस्तों को बल्लभगढ़ स्थित शहनाई होटल में पार्टी रखी थी। इस दौरान संजय और दोस्त सौरभ के बीच कहासुनी हो गई।

### टक्कर मारने के मामले में दो पर मामला दर्ज



**फरीदाबाद।** दुकानदार के साथ मारपीट व स्कॉर्पियो गाड़ी से दुकान में टक्कर मारने के मामले में आरोपी देव और पुष्पेंद्र के खिलाफ सिटी बल्लभगढ़ थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रात करीब 1.30 बजे दुकानदार विकास से फतेहपुर बिलौच के रहने वाले आरोपी देव तथा पुष्पेंद्र अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से आए और दुकानदार से हफ्ता मांगने लगे जिस पर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया।

### केयरटेकर ने पौने तीन लाख रुपए की चोरी की



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक महिला शामिल है। आरोपी महिला सेक्टर-21ए स्थित एक मकान में करीब डेढ़ महीने पहले केयरटेकर के रूप में काम करती थी उसने योजना बनाकर 24-25 दिसंबर की रात अपने जीजा को रात करीब 1.30 बजे मकान में बुलाकर चोरी की।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने ओल्ड फरीदाबाद में पूजित अक्षत वितरण कर स्थानीय दुकानदारों को निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राम नगरी अयोध्या के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आरएसएस, विहिप और संघ के सभी समविचारी संगठनों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देने एक जनवरी से लगे हुए है और आज इसी कड़ी में शामिल होते हुए पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने विहिप के ही ऑल इंडिया के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता के साथ ओल्ड फरीदाबाद के बाजार में सभी दुकानदार भाईयो कों प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन को दीपावली के रूप में मनाने कि अपील की।



### 22 जनवरी को घरों में जलाएं दिए

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले लोगों से अपील की थी कि वे 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन को दीपावली के रूप में मनाने के लिए अपने घरों में विशेष दीये जलाएं। पूर्व मंत्री ने बताया की इस शुभ अवसर पर हर देशवासी प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर अपने पड़ोस के मंदिरों में एकत्र होकर इस अवसर को एक उत्सव की तरह मनाए क्योंकि वर्षो बाद ये शुभ दिन आया है जिसका इंतजार हर भारतवासी को था।

#### राम मंदिर का चित्र भेंट किया

विपुल गोयल ने सभी दुकानदार भाइयो को पूजित अक्षत और प्रभु राम मंदिर का चित्र भेंट करके इस अवसर का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित किया। विपुल गोयल ने 22 जनवरी को सभी लोगों से अपने घरों, मंदिरों और देवस्थानों पर उस दिन उत्सव मनाकर प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुसार श्रीराम ज्योति जलाकर दीपावली मनाने का भी आह्वान किया।

#### जयश्रीराम उद्घोष के साथ अभियना शुरू

आज ओल्ड फरीदाबाद के बाजार में गाजे. बाजे व जयश्रीराम के उद्घोष के साथ इस अभियान की शुरुआत हुई जिस पर बाजार के दुकानदार भाईयो ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल के निमंत्रण को स्वीकार कर प्रधानमंत्री मोदी कों धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्षो के इंतजार के बाद रामलला अपने असल स्थान पर विराजित होंगे और वो जरूर इस उत्सव में शामिल होंगे। कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने बताया की देश के पांच करोड़ परिवारों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जोडने की कोशिश होगी और अक्षत वितरण के कार्यक्रम को अब मंदिरो और शहर के विभिन्न इलाकों में ले जाया जाएगा।

### क्षय रोगियों की पोषण सहायता योजना 'निक्षय पोषण' के लिए मिली राशि

# 2.18 करोड़ के बजट से क्षय रोगियों का होगा इलाज, डीबीटी से देंगे राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि क्षय रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिए शासन से जिले को 2.18 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त हुआ है।

क्षय रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिए शासन से जिले को 2.18 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि इस धनराशि में से 5133 क्षय रोगियों के बैंक खातों में 77.23 लाख की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) से भेज दी गई है। एक सप्ताह में पूरी धनराशि क्षय रोगियों के बैंक खातों में भेज दी जाएगी।

भेजी गई राशि में 2022 की बकाया राशि भी शामिल है। वर्ष 2023 के अंत तक जिले के 70 प्रतिशत क्षय रोगियों को डीबीटी का भुगतान कर दिया गया था। जिले में निजी और पब्लिक सेक्टर में 18 हजार से अधिक क्षय रोगी उपचाराधीन हैं।

**खास बातें**

- 5133 क्षय रोगियों को 77 .23 लाख का भुगतान किया गया
- एक सप्ताह में पूरा पैसा पहुंचेगा क्षय रोगियों के खाते में

### करीब पांच हजार क्षय रोगियों को निक्षय मित्रों का कवच उपलब्ध कराया



सीएमओ डा. भवतोष शंखधर ने बताया कि टीबी की नियमित दवाओं के साथ क्षय रोगी को उच्च प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार लेने की जरूरत होती है। दरअसल टीबी संक्रमण से मृत कोशिकाओं के पुनर्निर्माण में प्रोटीन की जरूरत पड़ती है। इसलिए क्षय रोगी को नियमित दवाओं के साथ पर्याप्त प्रोटीन मिलने से उसकी रिकवरी तेज हो जाती है और क्षय रोगी जल्दी ठीक होने लगता है। क्षय रोगियों को हर माह पोषण सहायता राशि के साथ ही समाज के समर्थ लोगों को निक्षय मित्र बनाकर पुष्टाहार प्रदान कराने का भी यही उद्देश्य है।

वर्ष 2023 में जिले में करीब पांच हजार क्षय रोगियों को निक्षय मित्रों का कवच उपलब्ध कराया गया। सीएमओ ने आह्वान किया है कि समाज के अन्य सामर्थ्यवान लोग भी इस कार्य के लिए आगे आएं और टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोगी बनें।

**योजना के तहत हर माह पांच सौ रुपए की सहायता राशि दी जाती है**

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. अमित विक्रम ने बताया कि क्षय रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करने के लिए सरकार ने अप्रैल, 2018 में निक्षय पोषण योजना शुरू की थी। क्षय रोग का उपचार जारी रहने तक हर क्षय रोगी को निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह पांच सौ रुपए की राशि पोषण सहायता के रूप में प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे रोगी के बैंक खाते में भेजी जाती है। निक्षय पोषण योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए रोगी का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है। रोगी को पोषण सहायता प्राप्त करने के लिए अपने बैंक पासबुक की कॉपी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना होता है।

### डीसी सिंह ने किया औचक निरीक्षण

# पारदर्शिता और ईमानदारी से आमजन के काम करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि तहसील कार्यालय में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ आमजन के कार्य करना सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और न ही किसी नागरिक को परेशानी आने दी जाए। अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत सामने आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सिंह ने बुधवार को सेक्टर-12 स्थित फरीदाबाद तहसील व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। तहसील में हो रही रजिस्ट्रियों तथा अन्य कामों की बारीकी से जांच की। उन्होंने समीक्षा कर राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

#### योजनाओं का जल्द लाभ पहुंचाएं

सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का जल्द से जल्द फायदा पहुंचाना अधिकारियों व कर्मचारियों का अहम और प्रथम लक्ष्य है। इसलिए सरकार की योजनाओं को लेकर जितने भी काउंटर बनाए गए हैं। उन काउंटरों पर कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में बैठकर लोगों के कार्यों को तुरंत पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी नागरिक को परेशानी और दिक्कत नहीं आने चाहिए।

# होटल में युवती की हत्या कर शव को बीएमडब्ल्यू से लगाया ठिकाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



साइबर सिटी गुरुग्राम के होटल सिटी पॉइंट में 27 वर्षीय युवती की हत्या कर शव को लग्जरी गाड़ी में डालकर ले जाने का मामला सामने आया है। मृतका गैंगस्टर संदीप गाडौली की मुंबई में हुए कथित एनकाउंटर मामले में गवाह थी। शव को ले जाने की घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर होटल मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस को युवती का शव नहीं मिला है। एसीपी सिटी मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुग्राम के बलदेव नगर की रहने वाली 27 वर्षीया दिव्या पाहुजा अपने परिजनों को बताकर गई थी कि वह अपने दोस्त होटल सिटी पॉइंट संचालक अभिजीत के साथ है। 2 जनवरी की रात को अचानक दिव्या का मोबाइल बंद हो गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

# शहरवासी सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लें लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि जनता केंद्र व राज्यसरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ हासिल करे। श्री सिंह मोहन नगर जोन जोन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के के अन्तर्गत लाजपत नगर स्थित डीएलएफ रामलीला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक सुनील शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी आरके सिंह ने बताया कि लगभग 1150 लाभार्थियों ने लाभ उठाया उज्ज्वला योजना में लगभग 42 महिलाओं को लाभ मिला है। इस प्रकार अन्य योजनाओं में भी क्षेत्रवासियों ने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया गया है।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह की देखरेख में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई।

### निशानेबाजों के लिए प्रतिस्पर्धा करने और प्रतिभा दिखाने का अवसर

# मनोहर लाल ने प्रदेश भर में 440 खेल नर्सरियां स्थापित कीः वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में हार कोई मायने नहीं रखती। इसलिए मायूस न होकर अनुशासित तरीके से खेलते हुए उदाहरण पेश करना चाहिए। यह बात सीएम के मीडिया कार्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में स्पोर्ट्स फॉर ऑल फाऊंडेशन द्वारा आयोजित तीसरे एयर राइफल पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहे। चैंपियनशिप में देश भर से करीब 3000 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

वशिष्ठ कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के युवा सशक्तिकरण और मार्गदर्शन के दृष्टिकोण की तर्ज पर स्पोर्टस फॉर ऑल फाउंडेशन का गठन हुआ है। 3 जनवरी से 9 जनवरी तक चलने वाला यह कार्यक्रम नए खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा अवसर है।

सीएम मनोहर लाल द्वारा नई खेल नीति के कारण हरियाणा, देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में खेल हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। शहरों के साथ-साथ गांव स्तर पर भी खेल सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। छोटी आयु से ही खेल में रुचि रखने वाले बच्चों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश भर में 440 खेल नर्सरियां स्थापित की गई हैं। विंग कमांडर एचसी मान, भाजपा नेता खेमचंद शर्मा, डॉ. धर्म सिंह डागर, सुरेश डागर उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम का अभियान तेज, जब्त कर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार चल रहा है। जिसमें निगम की टीम जहां शहरवासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी कर रही है।

नगर निगम की टीम ने वसुंधरा तथा सिटी जोन के अंतर्गत बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान में हिदायत देते हुए एक लाख 58300 का जुर्माना लगाया गया। प्रवर्तन दल, स्वास्थ्य विभाग तथा जोनल प्रभारी की टीम द्वारा मिलकर सिटी जोन के किराना मंडी क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर बड़ी कार्यवाही की है। जिसमें लगभग एक लाख का जुर्माना वसूला गया साथ ही 300 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया।



आसपास की दुकानदारों द्वारा भारी विरोध भी किया गया। टीम ने कुबेर इंटरनेशनल गोदाम को सील किया तथा अन्य दो गोदाम से प्लास्टिक को जब्त किया। किराना मंडी में तीन गोदाम ऐसे मिले जहां पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था, जो की 120 माइक्रोन से नीचे था। जिसको तुरंत जब्त कर लिया गया है।

वसुंधरा जोन के बजारी क्षेत्र में 58300 का जुर्माना किया गया। लगभग 40 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक दुकानदारों से जब्त किया। मौके पर परिवर्तन दल प्रभारी करनल दीपक शरण, एसएफआई संजीव, स्थानीय पुलिस बल व अन्य टीम उपस्थित रही।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में वार्ड नं. 6 में पेहोवा रोड से तुषार ढांडा तक गली का निर्माण + 6 कार्य। | 29.12.2023 19.01.2024 | 1.84 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 98960-00527 tbmckaithal@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में वार्ड नं. 5 में हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल 2023 के निकट नई अनुमोदित कॉलोनी में गलियों का निर्माण + 4 कार्य। | 29.12.2023 30.01.2024 | 3.91 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 98960-00527 tbmckaithal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23885/I/88/7 दि. 03.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | कार्य योजना 2023-24 फेज-1 के तहत जीएसके निर्वाचन क्षेत्र, जिला रोहतक (ग्रुप-2) में 02 अदद सम्पर्क सड़कों अर्थात पोलंगी से मुंगाण (आईडी 1903) और रूड़की से पाकस्मा तक रोहतक सोनीपत लोनिवि रोड तक (आईडी 1905) की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 1.20 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01262-270274 eerohtak.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23892/I/88/7 दि. 03.01.24

**गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश**


भूमिका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम भूमिका D/o विनोद कुमार R/o मकान नं. सी-63, गली नं.7, प्रेम विहार, करावल नगर, दिल्ली-94 उम्र 15 साल जो कि 23.11.2023 को करीब सायं 4 बजे अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत FIR No.434/23 u/s 363 IPC दिनांक 24.11.2023 थाना करावल नगर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:

**रंग:** सांवला, **कद:** 4'6", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, जिसने हल्के हरे रंग की टी-शर्ट, गुलाबी रंग का ट्रॉउजर, काले रंग की चप्पल पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष करावल नगर, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/-
थानाध्यक्ष: करावल नगर, दिल्ली
फोन: 011-22932396, 22932232
मो.: 8750870728

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./25/उत्तर पूर्व/2024

**गुमशुदा की तलाश**


अब्दुल माजिद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह आदमी जिसका नाम **अब्दुल माजिद**, पुत्र अब्दुल रशीद, निवासी 27 / 335, त्रिलोकपुरी, दिल्ली, जो दिनांक 23.11.2023 को शाम लगभग 07:00 बजे से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 54ए, दिनांक 25.12.2023,** को **पुलिस थाना मयूर विहार, दिल्ली,** में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता आदमी की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता आदमी का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : 28 वर्ष, **कद** : 5'3", **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : मध्यम, **पहनावा** : हरा स्वेटर, नीला पैंट।

इस गुमशुदा आदमी के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/66/ED/2024

थाना प्रभारी
पुलिस थाना मयूर विहार, दिल्ली
फोन नं. : 8130130627, 8750870627
E-mail: sho-mayurvhr-dl@nic.in

# विश्व के 156 देशों से आए पवित्र जल से होगा रामलला का जलाभिषेक



एजेंसी ▶▶ लखनऊ।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला का अभिषेक 156 देशों के जल से होगा। खास बात यह है कि इस जल में मुगल शासक बाबर के जन्मस्थान उज्बेकिस्तान का भी जल शामिल है। जलाभिषेक के लिए वहां से भी जल आया है।

इसके अलावा चीन, पाकिस्तान, दुबई समेत महाद्वीप अंटार्कटिका के भी जल से रामलला का अभिषेक होगा। यह दावा दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक डॉ. विजय जौली ने किया है।

**खास बातें**

- 7 महाद्वीपों से लाया गया जल
- सर्वधर्म के लोगों ने दिया सहयोग
- मुगल शासक बाबर के जन्मस्थान उज्बेकिस्तान का भी जल शामिल

### सर्वधर्म के लोगों से हुआ था जल संग्रह

डॉ. जौली ने बताया कि जल संग्रह में सर्वधर्म के लोगों का सहयोग है। सऊदी अरब से हिंदुओं ने जल भेजा। कजाकिस्तान से मुस्लिम ताज मोहम्मद ने अपने यहां की प्रमुख नदी का जल भेजा। ईरान की एक मुस्लिम महिला ने जल भेजा। कीनिया से सरदारों की मदद से जल संग्रह हुआ। सिंधियों ने खतरा मोल लेकर पाकिस्तान से जल भेजा था।

### पवित्र जल से भरा कलश विहिप को सौंपा



डॉ. जौली ने बताया कि जल से भरा एक बड़ा कलश विहिप के संरक्षक मंडल सदस्य दिनेश चंद्र को उन्होंने दिसंबर माह में ही सौंप दिया है। दिनेश चंद्र ने वादा किया है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला के अभिषेक के लिए इस जल का उपयोग किया जाएगा। डॉ. विजय जौली के अनुसार दुनिया के 170 देशों में दिल्ली स्टडी ग्रुप के संबंध हैं। वह कई वर्षों तक भाजपा के विदेश विभाग के प्रमुख रहे। दिल्ली स्टडी ग्रुप की भी जल संग्रह अभियान में अहम भूमिका रही। कई देशों की सरकारें हमारे संस्था के सदस्यों को प्रतिनिधि के रूप में बुलाती रहती हैं, इसका फायदा भी हमें मिला।



### 13 देशों के राजदूत पहुंचे थे अयोध्या

डॉ. जौली ने बताया कि पिछले साल 23 अप्रैल को हमारी संस्था की ओर से अयोध्या में आयोजित रामकथा कार्यक्रम में भगवान राम का इस पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में 13 देशों के राजदूत और 40 से अधिक देशों के 200 प्रवासी भारतीयों का समूह अयोध्या पहुंचा था। जय श्रीराम के नारों के बीच अनेक देशों के राजदूत और राजनयिक भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।

फीजी, मंगोलिया, डेनमार्क, भूटान, रोमानिया, हैती, ग्रीस, कोमोरोस, कबेवर्डे, मोंटीनीग्रो, टुवालू, अल्बानियां और तिब्बत समेत कई देशों के राजनयिकों ने रामलला की चौखट पर अर्पित किया था। इस कार्यक्रम से पहले हमने सभी देशों का थोड़ा-थोड़ा जल तांबे के एक बड़े कलश में एकत्र कर सुरक्षित रख लिया था। जिसे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला के अभिषेक की मंशा से विहिप को सौंप दिया गया है।

---

**खबर संक्षेप**

### माता-पिता ने जवान बेटी को मारकर जला दिया



**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में परसौनी थाना क्षेत्र के परसौनी मुख्य चौक में एक लड़की की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या किसी और ने नहीं बल्कि लड़की के माता-पिता ने की। कारण बस इतना था कि उनकी बेटी का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह अपने बॉयफ्रेंड से शादी करने की जिद कर रही थी। इतनी सी बात से नाराज होकर जवान बेटी को उसके माता-पिता ने मार डाला।

### इंडिगो फ्लाइट की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** बुधवार को पटना से दिल्ली के लिए 12:58 पर उड़ान भर चुकी इंडिगो फ्लाइट 2074 में खराबी की जानकारी सुनकर विमान में सवार यात्री असहज महसूस करने लगे, जबकि पटना एयरपोर्ट को एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के जरिए आयी इस सूचना के बाद सबकुछ संभालने के लिए तत्काल तैयार होना पड़ा। उड़ान भरने के कुछ ही देर के अंदर पटना में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग से यात्रियों ने राहत की सांस ली।

### प्रदेश कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले, सीएम का ऐलान

# 372 करोड़ के पानी के बिल माफ, 28.87 लाख को लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण परिवारों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लंबे समय से बकाया 374.28 करोड़ रुपये के पानी बिल माफ कर दिए हैं। कैबिनेट के इस फैसले का फायदा ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 28.87 लाख घरों को मिलेगा। प्रदेश सरकार के इस कदम से राज्य भर में सामान्य श्रेणियों और अनुसूचित जाति के करोड़ों पेयजल उपभोक्ताओं को लाभ होगा। अब ग्रामीणों से सिर्फ एक साल के पानी बिल लिए जाएंगे। कैबिनेट ने ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अप्रैल 2015 से 31 दिसंबर 2023 तक जमा हुए पेयजल शुल्क पर कुल 37.93 करोड़ का सरचार्ज और ब्याज माफ करने को मंजूरी दी, यह निर्णय ग्रामीण परिवारों पर वित्तीय भार को कम करने, आवश्यक संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। बैठक में कुल 15 एजेंडे पास किए गए हैं।

**बैठक में 15 एजेंडे पास हुए**

- 6000 से अधिक चौकीदारों को 400 रुपये मिलेंगे
- पिछला वर्ग बीसी-ए सूची में संशोधन होगा
- प्रदेश के 3836 मंदिरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा, इसके लिए तैयारियां पूरी
- 15 जनवरी तक 60 लाख परिवारों तक अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक पहुंचाएंगे



### चौकीदारों के लिए ऐलान

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा के 6,000 से अधिक ग्रामीण चौकीदारों को सरकार ने हर महीने 400 रुपये देने का फैसला किया है। उन्हें यह रकम अपने एरिया में होने वाली किसी जनहानि या अनहोनी से जुड़ी जानकारी संबंधित महकमे को देने के एवज में मिलेगी। यही नहीं, ग्रामीण चौकीदारों को रिटायरमेंट पर सरकार की ओर से 2 लाख रुपये की एकमुश्त रकम भी देगी।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को 2750 रुपये पेंशन

राज्य में गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को भी हर महीने 2750 रुपये बतौर पेंशन दिए जाएंगे। जिन परिवारों की वार्षिक आय 3 लाख से कम है उन्हें यह पेंशन दी जाएगी। योजना के अनुसार राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति-2021 में कुल 55 दुर्लभ बीमारियों का उल्लेख है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 1000 मरीज इन अधिसूचित दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित हैं।

### टीआई को चालान की पावर

मीटिंग में परिवहन विभाग की प्रवर्तन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा मोटर वाहन नियम 1993 के नियम 225 के तहत परिवहन निरीक्षकों (टीआई) को चालान करने की शक्तियां प्रदान करने की मंजूरी दी गई। राज्य में इको-टूरिज्म के विकास की नीति को मंजूरी प्रदान की गई। इस नीति का उद्देश्य राज्य की समृद्ध जैव विविधता, परिस्थितिकी तंत्र, विरासत स्मारकों और सांस्कृतिक विविधताओं का संरक्षण करना है।

### अयोध्या तक विशेष ट्रेन

15 जनवरी तक 60 लाख परिवारों तक अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश में अब तक 1846 स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जा चुकी हैं। अयोध्या में राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं। इसके लिए सरकार की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है।

*(संबंधित पैकेज पेज दो पर)*

### वन्य प्राणी विभाग से जुड़े नियम बदले

हरियाणा वन्य प्राणी विभाग से जुड़े कुछ नियमों में भी बदलाव को भी मंजूरी दी गई। अब स्टेट के नियमों से मुख्य वन्यजीव वार्डन का पद हटा दिया गया है और इसे भारत सरकार के आईएफएस कैडर में पीसीसीएफ लेवल पर शामिल किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग

पिछड़ा वर्ग की राज्य सूची (बीसी-ए) में संशोधन करने को मंजूरी प्रदान की गई है। पिछड़ा वर्ग की राज्य सूची (ब्लॉक-ए) में 6 जातियों अहेरिया, अहेरी, हेरी, हरि, तुरी या थोरी को हटाया है। क्रम संख्या-31 पर जंगम-जोगी शब्द को जंगम के रूप में संशोधित किया गया।

### मंदिरों में दीपोत्सव

सीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी हरियाणा के 3836 मंदिरों में दीपोत्सव मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इन मंदिरों में 31 दिसंबर तक अक्षत कलश रखवाए गए थे, जिनका वितरण एक जनवरी से शुरू हो गया है। बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### यूपी में 18 साल से कम उम्र वालों के

# वाहन चलाने पर प्रतिबंध तीन साल की होगी सजा



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में बच्चों के स्कूटी-कार चलाने पर शासन ने रोक लगा दी है। 18 साल से कम उम्र के बच्चे स्कूटी-कार अब नहीं चला सकेंगे। यदि अभिभावकों ने बच्चों को स्कूटी-कार दी तो उन्हें तीन साल की सजा होगी और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगेगा।

प्रदेश में 18 साल से कम आयु के कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थल में दो-चार पहिया वाहन नहीं चलाएगा। शासन की ओर से इसे लेकर जारी निर्देश के बाद परिवहन विभाग के सहयोग से माध्यमिक विद्यालयों में सख्ती की जाएगी। इसके लिए अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। साथ ही छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न माध्यमों से जानकारी भी दी जाएगी। हाल में परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह की ओर से इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**सड़क सुरक्षा के बारे में**

- हर स्कूल में सेफ्टी क्लब का गठन
- सभी कक्षाओं में से एक विद्यार्थी रोड सेफ्टी कैप्टन होगा
- सड़क सुरक्षा पर क्लास लगाई जाएगी
- प्रार्थना सभा में जानकारी दें
- विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधित शपथ दिलवाएं
- एक शिक्षक रोड सेफ्टी नोडल शिक्षक नामित
- परिवहन विभाग देगा शिक्षक को ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण

### प्रति विद्यालय 5 हजार 500 का बजट

डॉ. देव ने बताया कि विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब के गठन के लिए प्रति विद्यालय पांच हजार के बजट की और विद्यालय की दीवारों पर यातायात नियमों व स्लोगन लिखवाने के लिए भी प्रति विद्यालय 500 रुपए के बजट की व्यवस्था के लिए परिवहन आयुक्त को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भी रोड सेफ्टी नोडल शिक्षक नामित किया जाए। विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के नियमों से संबंधित वॉल पेंटिंग कराई जाए। विद्यार्थियों के वाट्सअप ग्रुप बनाकर इससे संबंधित जानकारी व सुझाव साझा किए जाएं।

---

## पेज एक का शेष

### सिराज ने झटके 6 विकेट ...

पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ अपना अब तक का सबसे कम टेस्ट स्कोर बनाया। भारत के खिलाफ सबसे कम स्कोर का पिछला रिकॉर्ड 2019 में नागपुर में 79 रन था। अफ्रीका का टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम स्कोर 36 रन का है, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1932 में बनाया था।

**सिराज का कहर :** बात करें इस मैच की तो भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट तो वहीं, मुकेश कुमार और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट चटकाए। पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत ने दो बदलाव किए। टीम ने रविचंद्रन अश्विन और शार्दुल ठाकुर को बाहर कर रवींद्र जडेजा और मुकेश कुमार को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया।

### 'सेबी' की जांच सही,...

अभी तक 22 आरोपों की जांच की है जबकि अभी 2 आरोपों की जांच बाकी हैं। मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा है कि बाकी बचे 2 मामलों की जांच तीन महीने के अंदर पूरी की जाए। इस फैसले पर अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा- सत्यमेव जयते।

### क्या है मामला?...

का वक्त दिया। सेबी ने 14 अगस्त को फिर जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का वक्त मांगा। सेबी ने 25 अगस्त को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि उसने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है, 2 मामलों में जांच विदेशी संस्थाओं से हो रही देरी के चलते पूरी नहीं हो पाई है।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने...

नियुक्ति को मंजूरी दी है। बता दें कि नड्डा ने पिछले महीने के आखिरी हफ्ते में भाजपा की दो दिवसीय बैठक बुलाई थी और आगामी कार्यक्रमों का एजेंडा तैयार किया था। सूत्रों ने बताया था कि इस बैठक में सभी अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने की हिदायत दी गई थी।

**इनकी हुई नियुक्तियां:** भाजपा ने सुनील बंसल को युवा मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, बैजयंत जय पांडा को महिला मोर्चा का प्रभारी, बंदी संजय कुमार को किसान मोर्चा का प्रभारी, तरुण चुग को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रभारी, राधा मोहन दास अग्रवाल को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रभारी, विनोद तावड़े को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा का प्रभारी और दुष्यंत कुमार गौतम को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। नए प्रभारियों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से कर दी गई है।

### ईरान में आतंकी धमाके, ...

पल्लाह ने बताया कि राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। हमले में घायलों को बाहर निकाला जाता रहा है। 2020 में ईराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए जनरल सुलेमानी की बुधवार को चौथी बरसी थी। ऐसे में उनकी याद में एक समारोह के तौर पर बुधवार को सैकड़ों लोग सुलेमानी की कब्र की ओर जा रहे थे, उसी वक्त यह हमला हो गया। बता दें की सुलेमानी को ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुलला अली खामेनेई के बाद सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के तौर पर देखा जाता था।

### कूनो में तीन नए...

में एक कदम और बढ़ाया है। पूरा कूनो पार्क प्रबंधन नन्हे मेहमानों की आव-भगत और उनकी सुरक्षा में लगा है। डॉक्टरों की टीम भी नन्हे शावकों पर नजर रखे हुए है। कूनो में अभी 14 चीते मौजूद है। इनमें दो चीते खुले जंगल में भ्रमण कर रहे है,जबकि 12 चीते फिलहाल बाडे में बंद है। जिन्हें एक-एक करके खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। बाड़े में जो चीते अभी बंद है,उनमें श्री डी नाम के बाड़े में मादा चीता आशा भी मौजूद है। जिसने तीन शावकों को जन्म दिया है। जिन्हें मिलाकर कूनो में अब चार शावक हो गए हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में जो चीता प्रोजेक्ट शुरू हुआ था, उसके लिए आज का दिन अद्वितीय है। आज कूनो में तीन नन्हें शावकों का जन्म हुआ है, इस खुशखबरी के लिए समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं। जिस स्वप्न के साथ चीता प्रोजेक्ट शुरू हुआ था, वह अब सार्थक हो रहा है। गौर हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सबसे पहले 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीते कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए थे। इसके बाद 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को कूनो में छोड़ा गया। कूनो में आए कुल 20 चीतों में से छह चीतों की मौत हो गई है। बुधवार को सबसे पहले इस खुशखबरी की जानकारी केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर पोस्ट करके दी। 24 मार्च को ज्वाला ने दिया था 4 शावकों को जन्मः कूनो नेशनल पार्क में नन्हे मेहमानों के आगमन की खबर दूसरी बार आई है। क्योंकि इसके पहले 24 मार्च 2023 को मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावकों की मौत हो गई थी। चार में से एक शावक जीवित है, जो अब लगभग नौ महीने का हो गया है।

### मसाजिद कमेटी ने हौज सफाई की मांगी अनुमति

# हिंदू पक्ष ने कहा- सील किए गए क्षेत्र में हमारे आराध्य देव

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने हौज की सफाई और मछलियों के लिए पानी डालने की अनुमति मांगी है। कमेटी के अधिवक्ता ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर में सील किए गए स्थल की सफाई और मछलियों के पानी डालने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर वादिनी राखी सिंह के अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने कहा वहां हम प्रभावित हैं और वहां हमारे आराध्य देव हैं। ऐसे में हमें साफ-सफाई की अनुमति दी जाए। उन्होंने दलील दी और कहा कि वह एरिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सील हैं। ऐसे में इस मुद्दे पर सुनवाई का अधिकार इस अदालत को नहीं है।

### आज जारी होगा आदेश

इस बीच चार महिला वादियों के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी व सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने मछलियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल किए जाने और जल्द ही सुनवाई होने की जानकारी दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद बृहस्पतिवार को आदेश जारी करने के लिए कहा।

### स्टेशन पर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार, बैग से

# 1.84 करोड़ की विदेशी मुद्रा जब्त ईडी और एटीएस ने की पूछताछ

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



कैंट स्टेशन पर बीती रात जीआरपी ने 1.84 करोड़ विदेशी मुद्रा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में बैग से वियतनाम, थाई, जापान और चाइनीज मुद्रा बरामद हुए है। सूचना मिलते ही ईडी और एटीएस के भी कान खड़े हो गए। सोमवार को जीआरपी थाने पहुंची दोनों एजेंसियों ने युवक से पूछताछ की। जीआरपी के क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि पैसों को लेकर लखनऊ जाने की तैयारी थी। बलरामपुर के मथुरा बाजार निवासी संदीप कुमार गया (बिहार) स्थित एक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज एजेंसी में काम करता है। वह उन पैसों को लेकर लखनऊ जा रहा था।

**अधिकतम 10 लाख तक मुद्रा बदलने का नियमः** नियमानुसार अधिकृत एजेंसी को भी 10 लाख रुपए तक की विदेशी मुद्रा बदलने का अधिकार है। इसके विपरीत बड़ी मात्रा में इन पैसों का मिलना कई सवाल खड़े करता है। बहरहाल, ईडी और एटीएस की टीम युवक से पूछताछ कर रही है। बताया कि युवक को जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत कुमार सिंह और उनकी टीम ने प्लेटफार्म नंबर आठ से गिरफ्तार किया है।

### श्रमजीवी एक्सप्रेस कांडः धमाके में मारे गए थे 14 लोग

# दो आतंकवादियों को मृत्युदंड की सजा, जुर्माना भी लगाया

एजेंसी ▶▶ जौनपुर

सिंगरामऊ के हरपालगंज रेलवे स्टेशन के समीप हरिहरपुर क्रासिंग के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में 28 जुलाई 2005 को हुए बम विस्फोट के मामले के बुधवार को दोपहर बाद 4.15 बजे अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार राय ने दोनों दोषी आतंकी बांग्लादेश निवासी हिलालुद्दीन उर्फ हिलाल व बंगाल निवासी नफीकुल विश्वास को मृत्युदंड की सजा सुनाया। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में जुर्माना भी लगाया। इस दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी दोषियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जिला जेल ले जाया गया।

### ट्रेन में बम विस्फोट किया था



श्रमजीवी एक्सप्रेस में आतंकियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में कुल 14 लोग मारे गए थे जिसमें 12 लोगों की मौत घटनास्थल पर हुई थी, जबकि दो की मौत बाद में हुई थी। वहीं 62 लोग घायल हुए थे। मामले में ट्रेन में बम रखने वाले बांग्लादेशी आतंकी रोनी उर्फ आलमगीर एवं षड्यंत्र करने वाले आतंकी ओबैदुर्रहमान को वर्ष 2016 में अपर सत्र न्यायाधीश बुधिराम यादव की अदालत में मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। दोनों ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है जो विचाराधीन है।

### बांग्लादेश के रहने वाले हैं तीन आरोपी

चार में से तीन आरोपी बांग्लादेश के रहने वाले हैं। अदालत ने आरोपी हिलालुद्दीन व पश्चिम बंगाल के नफीकुल को दोषी करार दिया गया। सजा के लिए 2 जनवरी 2024 की तिथि मुकर्रर की गई थी, लेकिन इस तिथि पर कोर्ट में दंड के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए सजा की तिथि बुधवार नियत की गई। दोनों को कड़ी सुरक्षा में दोपहर बाद तीन बजकर 15 मिनट पर पेश किया गया। इसके बाद सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। 4 बजकर 15 मिनट पर न्यायाधीश ने दोनों को मृत्युदंड व जुर्माना का फैसला सुनाया।

### रोनी को मृत्युदंड की सजा पहले ही

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता एडीजीसी वीरेंद्र मौर्य कहा था कि इसमें संसद भवन पर आतंकियों द्वारा किए गए हमले में नौ लोग आतंकियों की गोली से मारे गए थे और 16 व्यक्ति घायल हुए थे, जबकि श्रमजीवी विस्फोट कांड में हुए बम विस्फोट में 14 लोग मारे गए व 62 लोग घायल हुए। हिलाल ने बांग्लादेशी आतंकी रोनी के साथ श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में बम रखा था। रोनी को मृत्युदंड की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके साथ ही आतंकी ओबैदुर्रहमान का विचारण इन दोनों दोषियों के साथ चला था।





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बोंस प्रॉब्लम में मिलती है एक्सरसाइज से राहत



**मेरी उम्र 51 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल और फ्रोजन शोल्डर की दिक्कत है। क्या एक्सरसाइज से दोनों ठीक हो सकते हैं या दवाएं भी लेनी पड़ेंगी?**

**-राजेंद्र, भोपाल**

हड्डियों संबंधी ज्यादातर परेशानी का स्थाई उपचार एक्सरसाइज से ही संभव है। मेडिसिन से आपको कुछ समय के लिए आराम मिल सकता है। आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर एक्स-रे करवाएं, जिससे पता चलेगा कि किन स्थितियों तक समस्या बढ़ गई है? उसके अनुसार डॉक्टर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। डॉक्टर की सलाह के बाद आप फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल और फ्रोजन शोल्डर दोनों की एक्सरसाइज सीख लें और नियमित रूप में सुबह-शाम करें। स्थाई समाधान इससे ही मिलेगा।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मुझे दिन भर थकान रहती है। एक्टिव रहने के लिए डाइट में क्या चेंज करना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-यशराज, महेंद्रगढ़**

एक्टिवनेस का सर्दी-गर्मी से कोई लेना-देना नहीं होता है। आप सबसे पहले खून की जांच करवाएं। कई बार खून की कमी की वजह से भी थकान लगती है। इसके अलावा खान पान में मौसमी हरी सब्जियां खाएं। खाने में गाजर और चुकंदर भी शामिल करें। संभव हो तो ड्राई फ्रूट्स का सेवन भी करें।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। कुछ दिनों से जीभ में जलन महसूस होती है, खाने में स्वाद नहीं आता, कड़वापन लगता है। कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-सुरेश, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि स्वाद भी नहीं लग रहा है और जलन हो रही है, इसलिए बगैर जांच किए कोई भी उपचार नहीं बताया जा सकता है। आप तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें और अगर वो कहें तो आपको ईएनटी विशेषज्ञ के पास जाकर जरूरी जांच करवानी चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे दोनों पैरों की अंगुलियों के बीच में लाल चकत्ते हो गए हैं। इनमें खुजली, चुभन और जलन होती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अजित, बिलासपुर**

सर्दियों में इस तरह की समस्या हो जाती है। आप कोशिश करें कि रात में सोने से पहले पैरों को गर्म पानी से धोएं। फिर आप पैर को सुखाने के बाद उनपर मॉयश्चराइजर या नारियल का तेल लगाएं। साथ ही कोशिश करें कि हमेशा मोजे पहनकर रहें, खुले पैर कम रखें। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती है तो त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें और उनकी सलाह के अनुसार दवा लेकर इस बीमारी का ट्रीटमेंट करवाएं।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे हाई बीपी है और कुछ महीनों में वजन भी बढ़ गया है। मुझे क्या समस्या हो सकती है और क्या सावधानी बरतनी चाहिए?**

**-प्रमोद, जबलपुर**

अधिक वजन वालों को ब्लड प्रेशर होने की आशंका अधिक रहती है। जैसा आप बता रहे हैं कि आपका बीपी बढ़ा हुआ है, वजन भी बढ़ रहा है। इसलिए आपको सतर्क रहना चाहिए। खाने में तला-भुना और अधिक ऑयली चीजें बिल्कुल नहीं खानी चाहिए। साथ में मीठे से परहेज करें। खाने में अतिरिक्त नमक जैसे कि अचार, पापड़, चटनी जैसे खाद्य भी लेना बंद कर दें। अगर इससे भी वजन कंट्रोल नहीं होता तो डॉक्टर से संपर्क कर दवा लें।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। हाल में मेरी बायपास सर्जरी हुई है। कृपया बताएं मैं किस तरह की एक्सरसाइज कर सकता हूं, जिससे रिकवरी में हेल्प मिले?**

**-उत्पल, दिल्ली**

आपकी बायपास सर्जरी कब हुई है, आपने यह स्पष्ट नहीं किया है। इसलिए आपको अपने डॉक्टर के अनुसार ही एक्सरसाइज करना चाहिए। आप उन्हीं से संपर्क करें, जिन्होंने बायपास किया है। वही आपकी कंडीशन के अनुसार सही एक्सरसाइज की सलाह देंगे। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर एडवाइस

डॉ. पी. वेंकट कृष्णन
सीनियर फिजिशियन, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी डाइट या लाइफस्टाइल की हैबिट के कारण मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया प्रभावित होती है तो इसका आपकी हेल्थ और एनर्जी लेवल पर बैड इफेक्ट पड़ता है। शरीर को हेल्दी और एक्टिव बनाए रखने के लिए मेटाबॉलिज्म प्रोसेस का दुरुस्त होना बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट डॉक्टर बता रहे हैं मेटाबॉलिज्म को सही रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# जब मेटाबॉलिज्म होगा सही आप रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक



हम जो भोजन करते हैं, उससे शरीर को एनर्जी मिलती है, ताकि शरीर की सारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहें। सरल शब्दों में समझा जाए तो हम जो कुछ भी खाते हैं, उसे एनर्जी में बदलने की प्रक्रिया को मेटाबॉलिज्म कहा जाता है। यह प्रक्रिया भोजन को पचाने के अलावा हॉर्मोन के स्तर को संतुलित रखने और शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में भी मददगार साबित होती है। जब मेटाबॉलिज्म हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो हमारे लिए यह जानना भी बहुत जरूरी है कि इसे सुधारने के लिए हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

## रेग्युलर एक्सरसाइज

अगर आप चाहते हैं कि आपके शरीर में मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया सुचारु ढंग से काम करे तो एक्सरसाइज को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। खासतौर पर कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज से बेली फैट और बढ़ते वजन को नियंत्रित रखना आसान होता है। इससे कैलोरी को एनर्जी में बदलने की क्षमता बढ़ जाती है। वजन उठाने वाली एक्सरसाइज से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर का कंपोजिशन सुधरता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है। कुल मिलाकर एक्सरसाइज से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया चुस्त-दुरुस्त रहती है, इसलिए प्रतिदिन एक्सरसाइज के लिए कम से कम 40 मिनट का समय जरूर निकालें।

## बैलेंस्ड डाइट

हमारे भोजन से मिलने वाली कैलोरी को एनर्जी में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को बीएमआर यानी बेसिक मेटाबॉलिक रेट कहा जाता है। बीएमआर ज्यादा हो तो शरीर दुबला और फुर्तीला होता है, अगर यह कम हो तो शरीर में अतिरिक्त फैट जमा होने के साथ मोटापा बढ़ने लगता है। अगर यह बहुत ज्यादा हो तो इससे अत्यधिक दुबलापन और बहुत कम हो तो मोटापा जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। बीएमआर को संतुलित रखने के लिए अपनी डाइट में कार्बोहाइड्रेट और फैट की मात्रा घटाएं। साथ ही प्रोटीन, विटामिंस और मिनरल्स की मात्रा को बढ़ाएं। सरल शब्दों मे कहा जाए तो घी, तेल, मक्खन और चीनी का सीमित मात्रा में सेवन करें। रोजाना के भोजन में रोटी और चावल की मात्रा घटाकर दालों और हरी सब्जियों का भरपूर मात्रा में सेवन करें। अपने भोजन में दही, पनीर और खमीर युक्त खाद्य पदार्थों इडली, ढोकला आदि को प्रमुखता से शामिल करें, इससे आंतें स्वस्थ रहती हैं और इंसुलिन की सेंसिटिविटी बढ़ती है। जब हम पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन करते हैं तो इससे आसानी से कैलोरी बर्न होती है और बढ़ते वजन को नियंत्रित रखना संभव होता है।

## स्ट्रेस मैनेजमेंट है जरूरी

हमेशा खुश और तनावमुक्त रहने की कोशिश करें। स्ट्रेस की वजह से कॉर्टिसोल हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिसे मैनेज करने के लिए शरीर को अधिक मात्रा में कैलोरी की जरूरत होती है, जिससे व्यक्ति चॉकलेट, सॉफ्ट ड्रिंक और जंक फूड का सेवन अधिक मात्रा में करने लगता है। नतीजतन इससे उसका वजन बढ़ने लगता है। साथ ही स्ट्रेस हॉर्मोन की वजह से कैलोरी को एनर्जी में बदलने की प्रक्रिया धीमी पड़ने लगती है यानी मेटाबॉलिज्म सही ढंग से काम नहीं करता। अगर तन-मन को स्वस्थ रखना है तो तनाव और उदासी से दूर रहें।

## अच्छी नींद लेना भी है जरूरी

एक रिसर्च के अनुसार केवल चार रातों की अधूरी नींद की वजह से इंसुलिन को प्रोसेस करने की क्षमता लगभग 30 प्रतिशत तक घट जाती है। नतीजतन भोजन को एनर्जी में बदलने की प्रक्रिया बहुत धीमी हो जाती है। इसके अलावा जो लोग नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करते हैं या जिन्हें देर रात तक जागने की आदत होती है, वे अकसर चॉकलेट, जंक फूड या चाय-कॉफी जैसी चीजों का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, जिससे उनका वजन तेजी से बढ़ने लगता है। इसलिए अगर आप मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को दुरुस्त रखना चाहते हैं तो रोजाना कम से कम आठ घंटे की नींद लेना जरूरी है। इस तरह अपनी दिनचर्या और खान-पान की आदतों में मामूली बदलाव लाकर आप हमेशा स्वस्थ और सक्रिय बने रह सकते हैं। *

**प्रस्तुति : विनीता**

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं



**शरीर को** स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन कम से एक से डेढ़ लीटर तक पानी पिएं। इससे बर्न होने वाली कैलोरी की संख्या बढ़ती है, जिसे रेस्टिंग एनर्जी एक्सपेंडिचर कहा जाता है। शोध से यह तथ्य सामने आया है कि एक गिलास पानी पीने के दस मिनट के भीतर हमारे शरीर में रेस्टिंग एनर्जी एक्सपेंडिचर लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है, जिसका असर एक घंटे तक कायम रहता है। खासतौर पर खाना खाने से पहले एक गिलास पानी पीना कैलोरी इंटेक को घटाने में मददगार होता है। इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। *



# इन बैड हैबिट्स से बचिए

प्रिकॉशन

आजकल बहुत से स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स, अपने साथ लैपटॉप, फाइलें और तमाम कागजात साथ लिए घूमते हैं और इसके लिए बैकपैक का प्रचलन बढ़ गया है। यह बैकपैक पीठ पर लदा रहता है और इससे दोनों हाथ खाली रहने की सहूलियत तो मिलती है लेकिन लंबे समय तक ऐसा करने की आदत से पीठ के दर्द की शिकायत करने वालों की संख्या बढ़ गई है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि पीठ पर भारी बैग टांग कर घूमने से यह समस्या होती है। इसलिए इससे बचना चाहिए।

इसी तरह हेल्थ एक्सपर्ट्स पैंट की बैक पॉकेट में भरे-पूरे वॉलेट रखने के लिए मना करते हैं। इनका मानना है कि ये वॉलेट कूल्हे की हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कूल्हे की मसल्स, धमनियां और रक्त शिराओं पर भी इनके दबाव से विपरीत असर पड़ता है। सियाटिक नर्व्स भी इनसे इंज्र्ड हो सकती हैं। सेहत विशेषज्ञों की राय में वॉलेट में सिर्फ बहुत जरूरी चीजें या सीमित रुपए रखें ताकि यह पतला रहे। अतिरिक्त सामान के लिए हैंड बैग का इस्तेमाल करना बेहतर है। *

**-अंजू जैन**

न्यू स्टडी

शिखर चंद जैन

अगर आप भी डेली काफी रात तक जागते हैं और सुबह देर तक सोते हैं तो एलर्ट हो जाएं। कई स्टडीज में यह नतीजे सामने आए हैं कि ऐसा करने से आपको कई तरह की मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल सुबह देर तक सोना



सर्दी के मौसम में सुबह की नींद कुछ ज्यादा सुहानी लगने लगती है। सर्द हवाओं के डर से गद्दे और रजाई में मिल रही गर्माहट छोड़ने का मन ही नहीं करता। कई लोग इस मौसम में देर तक सोने लगते हैं। लेकिन स्वास्थ्य विज्ञानियों की मानें तो सुबह देर तक सोते रहने से कई प्रकार की मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हाल ही शोधकर्ताओं ने देर तक सोने के प्रभाव को जानने के लिए विस्तृत अध्ययन किए। इस अध्ययन में शामिल होने वालों की उम्र 38 वर्ष से 73 वर्ष के बीच थी।

**कम होती है औसत उम्रः** इंटरनेशनल क्रोनोबायोलॉजी में प्रकाशित इस शोध की रिपोर्ट में कहा गया है कि जो लोग रोज सुबह जल्दी उठते हैं, उनकी औसत आयु रात को देर तक जागने वालों की तुलना में साढ़े छह वर्ष ज्यादा होती है। हालांकि यह बहुत कुछ उस व्यक्ति की उम्र, लिंग, वजन, सोशियो-इकोनॉमिक पोजीशन, खान-पान की आदतों और लाइफस्टाइल पर भी निर्भर करता है। सब कुछ ठीक-ठाक रहे, तो देखा गया है कि सुबह जल्दी उठने वाले लोगों में असमय मृत्यु का जोखिम सबसे कम होता है। जबकि देर रात सोने और सुबह देर से उठने वालों की जैवघड़ी जब अनियमित हो जाती है तो उनकी असमय मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। साथ ही करीब 30 फीसदी लोगों को डायबिटीज से पीड़ित होने का खतरा रहता है। इसके अलावा ऐसे लोगों में नर्व और आंतों की बीमारियां होने का जोखिम भी बढ़ जाता है।

**डिप्रेशन का जोखिमः** जिन लोगों की देर तक जागने की आदत होती है, उनमें से 90 फीसदी को आगे चल कर मानसिक बीमारी होने की आशंका रहती है। जर्नल ऑफ साइकिएट्रिक रिसर्च में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार रात को देर तक जागने वाले लोगों में डिप्रेशन का रिस्क ज्यादा होता है। जो जितनी देर तक जागता है, उसमें यह जोखिम उतना ही बढ़ जाता है।

**हार्ट डिजीज की आशंकाः** द जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि वीकेंड पर स्लीपिंग शेड्यूल बदलने वाले लोगों में हार्ट डिजीज और डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। तुलनात्मक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि सप्ताह के अन्य दिनों और सप्ताहांत में सोने के समय में जितना ज्यादा अंतर रहा, इन बीमारियों का खतरा भी उतना ही बढ़ गया।

**जैव घड़ी हो जाती है गड़बड़ः** सुरे यूनिवर्सिटी के क्रोनोबायोलॉजी विभाग में प्रोफेसर मैलकम भन के मुताबिक देर रात तक जागने की आदत ने वर्तमान में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या का रूप ले लिया है। सूर्योदय से सूर्यास्त के साथ जैव घड़ी का तालमेल कायम रखने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए, इस पर काफी रिसर्च की जरूरत है। यूएस की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर क्रिस्टेन नूटसन कहते हैं, 'असमय भोजन करना, नींद की कमी, एक्सरसाइज ना करना, रात को देर तक जागना, नशीले पदार्थों का सेवन आदि आदतों के पीछे कई बार लंबा मानसिक दबाव भी होता है।

इन्हीं आदतों के कारण इंसान के सोने और जागने का सही रुटीन भी मेंटेन नहीं होता। हालांकि कई मामलों में जैव घड़ी का परिचालन जीन पर निर्भर करता है, लेकिन कई मामलों में आदतों में बदलाव लाकर इसे दुरुस्त किया जा सकता है।

**ऐसे दुरुस्त रखें बॉडी क्लॉकः** स्लीप एक्सपट्र्स हमारी बॉडी क्लॉक को दुरुस्त रखने के लिए कुछ आसान टिप्स बताते हैं-

- सोने की जगह या बेडरूम ऐसा हो, जहां सूर्य की रोशनी आसानी से पहुंचे, लेकिन रात को अंधेरा रहे।
- रात को नियत समय पर अपने बेड पर चले जाएं। दस पांच मिनट की हेर-फेर अलग बात है, लेकिन ऐसा ना हो कि कभी 10, तो कभी 11, तो कभी रात 12 बजे सोने जाएं।
- दिन में करने वाले काम दिन में खत्म करें। दिन में करने वाले काम रात में करने की आदत ना डालें।
- सोते समय टीवी, अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और मोबाइल से दूर रहें। *

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

# डायबिटीज नियंत्रण में सहायक है मंडूकासन



मंडूकासन को अंग्रेजी भाषा में फ्रॉग (मेंढक) पोज कहते हैं। यह आसन डायबिटीज पर कंट्रोल करने के मामले में रामबाण माना जाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर आराम से बैठकर रिलैक्स हो जाएं, फिर शरीर को वज्रासन की मुद्रा में लाएं। अब दोनों हाथों की मुट्ठी बनाएं, जिसमें अंगूठे मुट्ठी के अंदर हों। इसके बाद मुट्ठी को नाभि के बीचों-बीच रखें और एक लंबी सांस अंदर की ओर लें। फिर गहरी सांस को छोड़ते समय थोड़े आगे की तरफ झुकें और नाभि की ओर अधिक प्रेशर बनाएं। अब ऐसी मुद्रा बनाएं कि आपकी छाती, आपकी जांघों को छू रही हो। इस अवस्था पर 2 से 3 मिनट रहें फिर इस पोज को छोड़ दें और एक लंबी सांस छोड़ें। अब वज्रासन की मुद्रा में वापस आ जाएं। यह प्रक्रिया तीन से चार बार दोहराएं।

यह योगासन नियमित करने से ही फायदा मिलता है। वैसे तो यह आसन बहुत ही आसान है लेकिन इसे करने में मुश्किल हो रही हो तो किसी विशेषज्ञ की देख-रेख में ही आसन करें। अगर पीठ में दर्द है, पेट की कोई बीमारी है, हाल में ऑपरेशन हुआ है, नाभि में किसी तरह की समस्या हो या जो महिला गर्भवती हैं उन्हें मंडूकासन करने से बचना चाहिए। इस आसन को कभी पांच मिनट से ज्यादा और दिन में दो बार से ज्यादा ना करें।

मंडूकासन भारी, थुलथुल और बेतरतीब फैले पेट को चुस्त दुरुस्त करता है। यह आसन अपच से मुक्ति दिलाता है। साथ ही वजन पर भी नियंत्रण करता है। *



सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संगठन महामंत्री पहुंचे घर-घर

# राम भक्त 22 जनवरी को घर में दीप जलाकर मनाएं दीपावली: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर रामभक्तों द्वारा अयोध्या जाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल के अलग-अलग कॉलोनियों में घर-घर संपर्क कर लोगों को अक्षत देकर अयोध्या जाने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-72 स्थित पारसधाम कॉलोनी, भानपुर में घर-घर जाकर अक्षत वितरित कर लोगों को अयोध्या जाने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए जनता में काफी उत्साह है एवं जनता के सपनों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर समर्पित कर देंगे। राम भक्त 22 जनवरी को घर में दीप जलाकर दीपावली मनाएं।



मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रण कार्ड बांटे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विदिशा रोड भानपुर स्थित पारसधाम कॉलोनी में पहुंचे और वहां श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत आमंत्रण टोली में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोगों के घरों पर पहुंचकर अयोध्या में श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रण कार्ड वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना करके कलश यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर भी उपस्थित थीं।

### प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के समय मंदिरों में भजन-पूजन कर प्रसाद वितरित करें

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने नरेला विधानसभा क्षेत्र के अशोका गार्डन में गृह संपर्क अभियान के तहत अक्षत देकर रहवासियों को भगवान राम के दर्शन करने अयोध्या जाने के लिए आमंत्रित किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के समय मंदिरों में भजन-पूजन कर प्रसाद वितरित करें। साथ ही लोग अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगाएं एवं घर के बाहर स्वास्तिक व रंगोली सजाकर दीप जलाकर दीपावली मनाएं।

### भोपाल में घर-घर पहुंचा राम मंदिर का निमंत्रण: विष्णुदत्त



प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भोपाल के वार्ड-28 के आंबेडकर नगर में श्रीराम भक्तों द्वारा चलाए जा रहे अक्षत वितरण गृह संपर्क अभियान में शामिल हुए। उन्होंने घर-घर संपर्क कर पीले चावल (अक्षत) दिए और लोगों के घरों की दीवारों पर अयोध्या के भव्य राम मंदिर की प्रतिमा के स्टीकर चिपकाए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि सभी रामभक्त 22 जनवरी को जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही होगी, तब सभी रामभक्त अयोध्या नहीं पहुंच पाएंगे। इसलिए रामभक्त 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से अपनी कॉलोनी, गांव में स्थित राम और हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और रामरक्षा स्त्रोत का पाठ करें। पूजा-अर्चना कर कॉलोनी और गांवों के मंदिरों में प्रसाद वितरित करें।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, दिया आवेदन



जांजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा जिले के जांजगीर नैला नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल के साथ 14 पार्षद कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे थे। कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन जमा किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल ने भाजपा के नगर पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया। भाजपा के पार्षद सहित उपाध्यक्ष ने अध्यक्ष भगवान दास गड़ेवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शहर के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया तो वहीं नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास ने भी उपाध्यक्ष के खिलाफ प्रत्यारोप करने लगे।

### विष्णुदेव साय कैबिनेट के मंत्रियों को आवास अलॉट



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और साय कैबिनेट के मंत्रियों को सरकारी आवास आबंटित कर दिया गया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को शंकर नगर रायपुर सिविल लाइन स्थित ए-1 आवास आबंटित किया गया है। वहीं पूर्व सीएम और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के बंगला में पूर्व सीएम भूपेश बघेल रहेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को ई-1 गांधी उद्यान के पीछे सिविल लाइन रायपुर में आवास आबंटित किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव को डी-8 सिविल लाइन रायपुर और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को सी-3 सिविल लाइन रायपुर का आवास आबंटित किया गया है। शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को बी-5/1 पुराना कमिश्नर बंगला शंकर नगर मिला है वे उनके पुराने ही बंगला में रहेंगे।

### आरकेएमपी से होकर 7 ज्योतिर्लिंग, द्वारका के लिए रवाना होगी ट्रेन

भोपाल। रेलवे द्वारा देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 19 फरवरी को जबलपुर से 7 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, शुजालपुर, उज्जैन, देवास, इंदौर एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी। जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें और 11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, नासिक, शिरडी, औरंगाबाद, परली, परभणी, पुणे एवं केवडिया के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा की

# बुंदेलखंड व बघेलखंड जैसे क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए उद्योग लगाने प्रोत्साहित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग लगवाने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए भी प्रयास करें। उद्योगों को आत्मनिर्भर और लाभकारी बनाए। इसके कार्य के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड और बघेलखंड जैसे क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए स्थानीय सुविधा अनुसार कंपनियों को उद्योग लगाने के लिए आकर्षित करने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की गतिविधियों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय स्तर पर होने वाली उपज जैसे दूध, सोयाबीन, हर्बल और लघु वनोपज आदि की उपलब्धता अनुसार स्थानीय स्तर पर छोटी-छोटी यूनिट लगवाने का अभियान चलाएं। जिले में स्थानीय उद्योगपतियों को नए उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहन की नीति बनाएं। नए उभरते उद्यमों (सनराइज इंडस्ट्री) के लिए क्षेत्रवार अलग से नीति बनाई जाए।

*जिला स्तर पर 51 और उपखंड स्तर पर 103 प्रमाणीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित हैं*

*स्थानीय उपज की उपलब्धता अनुसार छोटी-छोटी यूनिट लगवाने अभियान चलेगा*



### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बढ़ती हुई वृद्धि और नगरीय प्रसार के मद्देनजर विश्लेषण कर उसके अनुसार भविष्य के लिए योजना बनाए। नए बनने वाली जल योजनाओं और वर्तमान में संचालित जल योजनाओं के बेहतर उपयोग की पुख्ता व्यवस्था करें। पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल निगम और नगरीय विकास एवं आवास विभाग परस्पर समन्वय से कार्ययोजना बनाकर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मंगलवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

### रोजगार आधारित उद्योग स्थापित कराएं

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि भविष्य की दृष्टि से नए रेलवे ट्रैक और जल मार्ग के जरिए नए क्षेत्रों में उद्योग की स्थापना की योजना बनाए। मशीन आधारित उद्योगों के साथ रोजगार आधारित उद्योग स्थापित कराएं। प्रदेश के भविष्य की संभावनाओं और उद्योगों की आवश्यकता अनुसार नीतियां बनाए। उद्योगों को सब्सिडी समय पर देना सुनिश्चित करें।

### नल-जल योजनाओं के कार्य की गुणवत्ता की जांच हो

सीएम ने कहा जल के बढ़ते उपयोग से कस्बों और गांवों में नल-जल योजनाओं के कार्य और सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला स्तर पर निरंतर कार्रवाई हो तथा उसकी जानकारी राज्य स्तर पर भी दी जाए।

### संस्थाओं को किया जाए सम्मानित

उन्होंने स्थानीय स्तर पर स्वयं के प्रयास से लोगों को पेयजल प्रदाय उपलब्ध कराने वाले समाजसेवी व्यक्तियों और संस्थाओं को 15 अगस्त व 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में जल जीवन मिशन की गतिविधियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए गांवों के समूह बनाकर जल प्रदाय व्यवस्था का संचालन एवं संधारण सुनिश्चित किया जाए।

### 1.12 करोड़ परिवारों को 'नल से जल' देंगे

ग्रामीण जनसमुदाय के जीवन स्तर में सुधार के लिए निर्धारित गुणवत्ता-पर्याप्त मात्रा और उचित दबाव के साथ पेयजल आपूर्ति के दृष्टिकोण के साथ जल जीवन मिशन की गतिविधियां प्रदेश में संचालित हैं। प्रदेश के सभी गांवों की योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं और एक करोड़ 12 लाख परिवारों को 'नल से जल' उपलब्ध कराया जाएगा। जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर 51 और उपखंड स्तर पर 103 प्रमाणीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित हैं।

### कई कार्यों का दिया प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री को विभागीय संरचना, इंडस्ट्रियल ईको सिस्टम, औद्योगिक क्षेत्र भूमि वितरण, उद्योग संवर्धन नीति 2014 और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर एवं एक्सप्रेस वे सहित विभिन्न कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाएं: मुख्यमंत्री

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात मंत्रालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान झाबुआ और रीवा के हितग्राहियों से वीसी के माध्यम से संवाद में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाकर इसके लाभ को जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री यादव ने रीवा जिले के ग्राम अगडाल की सुखिया केवट और झाबुआ में ग्राम भूरा डाबरा के जवान सिंह से केंद्र सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण उन्हें पक्का मकान मिला, घर में शौचालय बना और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी मिला। उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि के लाभ के साथ उनका आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी से विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ जन-जन को पहुंचाने के लिए प्रयास करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## साय सरकार की कैबिनेट बैठक में फैसला

# सीजीपीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की तीसरी कैबिनेट की बैठक बुधवार शाम मंत्रालय में आयोजित हुई। बैठक में राज्य के युवाओं के हित में राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2021 के संबंध में प्राप्त अनियमितताओं की शिकायतों के परिपेक्ष्य में विस्तृत जांच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2021 के अंतर्गत 12 विभागों के 170 पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी की गई है। मंत्रिपरिषद की बैठक में किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी (लिंकिंग सहित) करने का निर्णय लिया गया है।



### किसानों से किया वादा किया पूरा

मंत्रिपरिषद के इस निर्णय से राज्य शासन द्वारा किसानों से 21 क्विंटल धान खरीदी का वायदा पूरा हो गया है। गौरतलब है कि धान खरीदी का यह वादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में भी शामिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवारों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उन्हें आगामी पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय लिया है, इससे राज्य के 67 लाख 92 हजार 153 राशनकार्डधारी परिवार लाभन्वित होंगे और उन्हें आगामी 5 सालों तक राशन दुकानों से निःशुल्क चावल मिलेगा।

### इन राशन कार्डों में मिलेगा राशन

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जारी राशन कार्डों में जनवरी-2024 से आगामी 5 सालों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के समान ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम-2012 के तहत जारी अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण करने का फैसला लिया गया है।

## ड्राइवरों ने वापस ली हड़ताल

रायपुर। हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों की हड़ताल का दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश भर में व्यापक प्रभाव रहा। ड्राइवरों की हड़ताल से आवक ठप होने के कारण सब्जियां भी महंगी बिकीं। वहीं देर रात ड्राइवरों की हड़ताल वापस हो गई। आल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ प्रभारी सुखदेव सिंह सिद्धू ने बताया कि सरकार से मिले आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया गया है।

### उप मुख्यमंत्री बोले- कानून व्यवस्था का ठीक से पालन हो

रायपुर। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बनाए गए कानून व्यवस्था का उचित तरीके से पालन करते हुए आम जनों को समय पर न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

अगले महीने होने वाले राजिम कुंभ की तैयारियां हो गई शुरू

# सीजी: राजिम कुंभ में फिर होगा साधु-संतों शाही स्नान और समागम, देशभर से आएंगे संत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजिम माघी पुन्नी मेला अब फिर से राजिम कुंभ के नाम से जाना जा सकता है। अगले महीने होने वाले राजिम कुंभ की तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रदेश में पूर्ववर्ती बघेल सरकार ने राजिम कुंभ मेले का नाम बदलकर राजिम पुन्नी मेला कर दिया था। भाजपा के मुताबिक छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के रहते राजिम कुंभ ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई। शाही स्नान से लेकर धार्मिक आयोजनों में सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए, साधु-संत भी पहुंचे, लेकिन कांग्रेस सरकार के आते ही शाही स्नान और साधु-संतों के आगमन की रफ्तार धीमी पड़ गई। यहां साधु-संतों का जमावड़ा भी कम हो गया। प्रदेश में भाजपा



सरकार के बाद राजिम कुंभ की रौनक एक बार फिर लौटाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### 22 फरवरी से शुरू होगा आयोजन

पार्टी के वरिष्ठ सूत्रों के मुताबिक 22 फरवरी से राजिम कुंभ मेले की शुरुआत होगी। यह आयोजन 15 दिनों तक चलेगा। राजिम कुंभ के पुराने नामकरण का निर्णय शीघ्र ही लिया जा सकता है।


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम:** राजू, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 40 साल, **कद:** 5'11", **लिंग:** पुरूष, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** कमज़ोर, **बाल:** काले, **चोट के निशान:** कोई चोट का निशान नहीं, **पहनावा:** लाल व स्लेटी रंग का लाइनिंगदार स्वेटर और स्लेटी रंग की पैंट और पैरों में कुछ नहीं पहने, **बरामदी स्थल:** जो दिनांक 29.12.2023 को दिल्ली के दरियागंज, आसफ अली रोड, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 3 के सामने रेन बसेरा में मृत मिला था।

इस सम्बंध में **DD No. 53A, दिनांक 29.12.2023, पुलिस स्टेशन: दरियागंज, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन: दरियागंज, दिल्ली**
**फोन: 011–23274683, 23279331, 8750870421**

DP/117/CD/2024


## ग्वालियर-बेंगलुरु,जम्मू,हैदराबाद रूट पर विमान सेवा

# रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम: प्रदेश में सस्ती विमान सेवाएं देने के प्रयास, इंदौर से अंतरराष्ट्रीय उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के नागरिकों को सस्ती विमान सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम संचालित की जा रही है। इससे प्रदेश में पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों सहित रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। स्कीम के तहत उड़ाने संचालित करने वाली इच्छुक निजी वैमानिक संस्थाओं को 20 प्रतिशत राशि वाइबिलिटी गेप फंडिंग के रूप में दी जा रही है। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना में ग्वालियर से बेंगलुरु, कोलकाता, जम्मू तथा हैदराबाद रूट पर विमान सेवा संचालित हो रही हैं। बिलासपुर रूट पर भी हवाई सेवा संचालित हो रही है।

### हवाई पट्टियों का पायलट प्रशिक्षण में हो रहा उपयोग

प्रदेश में स्थित शासकीय हवाई पट्टियों को पायलट प्रशिक्षण, एयरो-स्पोर्ट्स तथा अन्य उड्डयन गतिविधियों के लिए भी उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश की रीवा, रतलाम, मंदसौर, छिंदवाड़ा, उमरिया, बालाघाट, सागर, गुना और सिवनी स्थित हवाई पट्टियां निर्धारित शुल्क पर आवंटित की गई हैं। साथ ही प्रदेश में एयरक्रॉफ्ट रिसाइकिलिंग और हेलिकॉप्टर अकादमी की सुविधाएं विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### इंदौर विमानतल कस्टम नोटिफाइड एयरपोर्ट घोषित

इंदौर विमानतल को कस्टम नोटिफाइड एयरपोर्ट घोषित किया गया है। इंदौर विमानतल से अंतरराष्ट्रीय उड़ान दुबई के लिए संचालित हो रही है। इस विमानतल से कॉर्गो सेवा भी संचालित हो रही है। इंदौर विमानतल से दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद और मुम्बई के लिए विमान सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

### रीवा हवाई पट्टी का विस्तार

रीवा हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे बोईंग जैसे बड़े विमानों की आवाजाही हो सकेगी। रीवा के नजदीक उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहर मध्यप्रदेश से वायु सेवा से जुड़ जाएंगे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने रीवा हवाई पट्टी को उड़ान योजना के तहत विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। इसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उनकी मांग के अनुसार आवश्यक भूमि आवंटित की जा चुकी है।

### सीएम साय बोले- बचपन में क्रिकेट खेलने का था शौक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को सौजन्य मुलाकात करने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली पहुंचे। गांगुली ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी गांगुली को बधाई दी। इस दौरान क्रिकेट पर, छत्तीसगढ़ पर और विभिन्न विषयों पर औपचारिक चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान सौरव गांगुली ने मुख्यमंत्री से क्रिकेट में रुचि के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने बताया कि क्रिकेट में इतनी रुचि थी कि गांव में क्रिकेट खेलने लकड़ी से खुद बल्ला तैयार करते थे। जशपुर जिले के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि हमारे यहां हॉकी खेली जाती है। यहां पर पहाड़ी कोरवा जनजाति तीरंदाजी बहुत कौशल से करते हैं, इसलिए तीरंदाजी में भी खिलाड़ी खूब रुचि लेते हैं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82241690 | कम से कम जिंक के साथ विटामिन बी कॉम्प्लेक्स कैप करें जिसमें विटामिन बी1 (थियामिन)–10 मिलीग्राम, विटामिन बी 2 (राइबोफ्लेविन)–10 मिलीग्राम, विटामिन बी 3 (नियासिन) – 100 मिलीग्राम, विटामिन बी 5 / कैल्शियम पैंटोथेनेट – 50 मिलीग्राम, विटामिन बी 6 (पाइरिडोक्सिन) – 3 मिलीग्राम, विटामिन बी 12 शामिल हो। (कोबालामिन)–5mcg, विटामिन B7 (बायोटिन)–100mcg, विटामिन B9 (फोलिक एसिड)– 1.5 मिलीग्राम, एस्कॉर्बिक एसिड 150 मिलीग्राम और जिंक सल्फेट–60 मिलीग्राम | 3264800 Nos. | 29-01-2024 |
| 2 | 82241710 | कैल्शियम 150 मिलीग्राम (कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड कैल्शियम ऑक्साइड के रूप में)। (ट्रिपलएसीएल या समतुल्य) | 581000 Nos. | 29-01-2024 |
| 3 | 82244201 | इंजेक्शन फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज़ 500 मिलीग्राम प्रति 10 एमएल (एन्सिकार्ब / समतुल्य) | 2160 Nos. | 29-01-2024 |
| 4 | 82249307 | नैनो–पैक्लिटेक्सेल 100 मिलीग्राम | 1000 Nos. | 29-01-2024 |
| 5 | 82242184 | इंजेक्शन ट्रेस्टुजुमैब 375 मि.ग्रा | 300 Nos. | 29-01-2024 |
| 6 | 82241773 | इंजेक्शन रेबीज वैक्सीन मानव युक्त शुद्ध रेबीज एंटीजन एनएलटी 2.5IU 1mL खुराक के रूप में शीशी में | 12735 Nos. | 29-01-2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 दिनांक 03.01.2024 23/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# महिलाओं के हित में केंद्र सरकार का नया फैसला

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसे कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है, जो अपनी फैमिली पैंशन बच्चों को देना चहाते हैं। अब वो ऐसा कर सकते हैं। अगर सरकारी नौकरी में कोई महिला कर्मचारी है और उनकी शादी टूट गई है तो ऐसी स्थिति में अब वो अपने पति से पहले अपने बच्चों को फैमिली पेंशन के लिए नॉमिनेट कर सकती है। 2021 के नियमों के तहत अगर किसी सरकारी कर्मचारी या रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को फैमिली पेंशन दी जाती है। पहले ये पेंशन सबसे पहले मृतक के पति या पत्नी को मिलती थी, लेकिन अब अगर पति-पत्नी के बीच मनमुटाव है, तो कर्मचारी अपने बच्चों को पहले नॉमिनेट कर सकता है या कर सकती है। ये नियम उन सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जिनका निधन एक सितंबर 2021 के बाद हुआ है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। अनेक ऐसे परिवार थे, जहां कर्मचारी किसी कारण से अपनी पत्नी से अलग हो चुका है, लेकिन पैंशन पाने की हकदार पत्नी ही थी। अब केंद्र सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति की जगह अपने बच्चे/बच्चों को नामित करने की भी अनुमति दी गई है। यह संशोधन महिला सरकारी कर्मचारी की पारिवारिक पेंशन को उसके पति की वरीयता में एक योग्य बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है। यह उन सभी मामलों में जहां उसने तलाक की याचिका या घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत याचिका दायर की है या भारतीय दंड संहिता के तहत मामले हैं, उन पर लागू होगा। यह संशोधन महिला और बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। नई व्यवस्था से महिलाओं को फायदा होगा, क्योंकि उन्हें शादी टूटने के बाद पति पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उनके बच्चों को पेंशन मिलने से उनका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। ये नियम सिर्फ उन मामलों में लागू होगा जहां शादी टूट गई है और बच्चे पात्र होंगे। पति को पेंशन तभी मिलेगी जब बच्चे पात्र नहीं रहेंगे। असल में होता क्या था, कई बार कर्मचारी महिला या पुरुष किसी भी कारण से अपने जीवन साथी से अलग हो चुका होता था, लेकिन अगर तलाक नहीं हुआ हो तो पैंशन पाने का अधिकारी जीवन साथी ही होता था। विशेषकर महिला कर्मचारी और सिंगल मदर के लिए विकट हालात की स्थिति थी। उसके न रहने पर पैंशन बच्चों को न मिलकर उसके पति को मिलती थी। इसका खामियाजा महिला कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके बच्चों को भुगतना पड़ता था। सरकार ने यह संशोधन करके संवेदनशीलता दिखाई है। अगर किसी सिंगल मदर की मृत्यु हो जाती है तो उसकी पैंशन के हकदार तब तक उसके बच्चे होंगे जब तक वे बालिग नहीं हो जाते। उसके बाद पैंशन उसके पति को मिलेगी। इसके लिए कर्मचारी अपने बच्चों को पैंशन के लिए नॉमिनेट करेगा। सरकार के इस फैसले से सिंगल मदर या सिंगल फादर को बहुत राहत मिलेगी। सिंगल मदर महिला कर्मचारी अब अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं रहेगी। पैंशन से ही उसके बच्चे अपना भविष्य संवार सकेंगे।



श्रीराम मंदिर
अवधेश कुमार

# प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों

> अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है?

अनेक विपक्षी दलों के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वो निमंत्रण मिलने के बावजूद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कुछ लोगों ने तो इस कार्यक्रम का ही तीखा विरोध कर दिया है। हालांकि इसके परे आम लोगों में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा लोकार्पण को लेकर उत्साह का माहौल साफ दिखाई पड़ता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है, जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया, ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, देश में सांप्रदायिक विभाजन किया तथा हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है? उनके अनुसार यह सीधे-सीधे राम मंदिर का राजनीतिकरण है। कोई पार्टी केंद्र की सत्ता में है तो उसकी भूमिका के पीछे राजनीति होगी। क्या यह मान लिया जाए कि प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम केवल भाजपा की राजनीति है और वह इसका 2024 की दृष्टि से लाभ लेना चाहती है?

इसके उत्तर के लिए यह प्रश्न करना होगा कि फिर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कब रखा जाना चाहिए था? जिन लोगों के लिए आज भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है उनके वक्तव्य की इस संदर्भ में कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन सारे हिंदुओं के बारे में विचार करिए जिनके मन में यह आकांक्षा थी कि करीब 500 वर्ष प8हले जिस पवित्र मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाई गई, वहां मंदिर का निर्माण हो। इस मंदिर को बचाने और फिर बाद में उस जगह को प्राप्त कर पूजा पाठ करने के लिए संघर्ष का लंबा इतिहास है। अनेक इतिहासकारों ने उसे महत्व देने की कोशिश नहीं की। न्यायालयों में दोनों पक्षों की हुई बहस से साफ हो गया कि इसके लिए संघर्ष सतत चलता रहा। इसमें हिंदुओं के साथ सिख, बौद्ध ,जैन सबकी भूमिका रही है। इतने संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बावजूद लगभग 72 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद इसका फैसला आया। क्या उस फैसले को साकार करने के लिए समय सीमा का संकल्प नहीं होना चाहिए था? हमारे देश में किसी भी निर्माण में समय सीमा का संकल्प नहीं दिखाते हैं तो वह कितना आगे खींच जाएगा इसकी कल्पना हम आप सबको है। एक निर्माण कार्य शुरू होने के बाद वह कब पूरा होगा इसकी गारंटी नहीं होती। वैसे भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन के कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाचार आने लगा था कि आम लोगों के दर्शन और पूजन के लिए 2023 के अंत या 2024 के आरंभ में श्रीराम मंदिर खुल जाएगा। निश्चित रूप से इसे हर हाल में पूरा किया ही जाना चाहिए था।



कौन सा चुनाव कब है, इसका प्रभाव उन चुनावों पर क्या पड़ेगा इसकी दृष्टि से विचार करना अनुचित होता। संसदीय लोकतंत्र में चुनाव अपने समय पर आयोजित होते हैं और उसके लिए ऐसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन को टाला नहीं जा सकता।

संकल्पबद्धता का ध्यान रखते हुए दिन रात एक नहीं किया जाता तो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं होती। संपूर्ण मंदिर और उससे संबंधित अन्य निर्माण कार्य आगे भी जारी रहेंगे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की योजना बनाई, तब भी उसका विरोध हुआ था। हालांकि तब देश में न मीडिया का इतना प्रसार था और न राजनीति में ऐसा तीखा विभाजन और वोट की रणनीति की दृष्टि से ही हर मुद्दे पर अपना स्टैंड लेने का माहौल था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और निर्माण की पूरी कथा जिन्हें पता है वो किसी तरह का प्रश्न नहीं उठा सकते। 8 मई 1950 को मन्दिर की आधारशिला रखी गई तथा 11 मई ,1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। तब तक मंदिर का संपूर्ण निर्माण नहीं हो पाया था। दूरदर्शी नेताओं का मानना था कि ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ धीरे-धीरे देश का वायुमंडल बदलेगा और भारत फिर 15 अगस्त, 1947 के पहले की दुर्दशा को प्राप्त नहीं होगा। ध्यान रखिए, वर्तमान सोमनाथ मंदिर का निर्माण 1962 में जाकर पूरा हुआ। इसलिए आधे-अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर प्रश्न उठाने वाले सोमनाथ मंदिर के इतिहास को अवश्य पढ़ लें।

वास्तव में इस तरह का प्रश्न उठाने वाले लोगों की सोच को समझना कठिन नहीं है। इनमें कुछ ऐसे हैं जिनको मंदिर से ही समस्या रही है। कुछ संघ और भाजपा के स्थायी विरोधी हैं। किसी संगठन या राजनीतिक दल का विरोध करने में समस्या नहीं है पर हर विषय में हमारा विरोध का ही स्टैंड रहे, यह अपनी नकारात्मकता और कुंठा को प्रमाणित करता है। राम मंदिर केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, एक आध्यात्मिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव तथा विश्व कल्याण के लिए समर्पित भावना वाले देश के उदय की दृष्टि से इसका महत्व है। संघ परिवार या अन्य हिन्दू संगठनों के लिए यह आंदोलन किसी एक मंदिर के निर्माण तक ही सीमित नहीं था। किसी की संघ या अन्य संगठनों से जितना भी मतभेद हो, श्रीराम मंदिर आंदोलन ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और एक सांस्कृतिक पहचान के साथ राष्ट्र के उद्भव का संपूर्ण संकेत दिया। धीरे-धीरे इसके पीछे विरोध में कमी आई और ऐसे लोग भी अंदर से मानने लगे कि वहां मंदिर निर्माण ही होना चाहिए, जो पहले यह स्वीकार नहीं करते थे। राजनीतिक दलों के सामने समस्या यह हो गई कि राम मंदिर का विरोध करेंगे तो एक बड़े वर्ग के वोट से वंचित हो जाएंगे। इसलिए अनेक दल और नेता न चाहते हुए भी इसके विरोध में खड़े होने से बचने लगे। यह बदले हुए भारत का ही परिणाम था जो आज तक कायम है। इसलिए राम मंदिर का सार्वजनिक विरोध करने वाले नेताओं की संख्या काफी कम हो गई। लगातार विरोध करने और नकारने के बाद उन सबके लिए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना कठिन है और इसे आसानी से समझा जा सकता है। आखिर कल तक विरोध करने वालों को लगता होगा कि वह किस मुंह से वहां जायें। इनकी समस्याओं के कारण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं रुक सकती। हालांकि इन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ इसका लाभ ले जाएंगे तो इन्हें अवश्य शामिल होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

खोज
प्रमोद भार्गव



# अब ब्लैक होल के भी खंगाले जाएंगे रहस्य

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ब्लैक होल यानी कृष्ण विवर के रहस्यों को खंगालने के नजरिए से एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) का प्रक्षेपण नववर्ष के पहले दिन कर दिया है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी 58 रॉकेट अपने साठवें अभियान पर प्रमुख पेलोड 'एक्सपोसैट' और 10 अन्य उपग्रह लेकर गया है। इस अभियान की उम्र करीब पांच वर्ष है। इसरो के अनुसार यह उपग्रह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए इसरो का पहला अभियान है। इसके पहले केवल अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के लिए उपग्रह भेजा था, जिसका जीवन काल केवल दो वर्ष था जो अब पूरा हो रहा है। एक्सपोसैट के दस पेलोड में से एक केरल के लालबहादुर शास्त्री तकनीकी संस्थान द्वारा निर्मित है, जिसे महिला वैज्ञानिकों के समूह ने बनाया है।

दुनियाभर के वैज्ञानिक इस बात को लेकर उत्सुक है कि यह उपग्रह पांचर वर्ष में कृष्ण विवर के किन अनसुलझे रहस्यों को जानने में मददगार साबित होगा। दरअसल एक्सपोसैट के अध्ययन का दायरा विस्तृत है। यह अंतरिक्ष में मृत तारों की संरचना का अध्ययन करने के अलावा ब्लैक होल तथा अन्य न्यूट्रॉन सितारों के निकट की विकिरण की प्रक्रिया को भी जानने का प्रयास करेगा। यह ब्रह्माण्ड में सबसे अधिक चमकने वाले तत्वों के रहस्यों से पर्दा उठाएगा। ब्रह्मांड की असीमित परिधि में अनेक रहस्यमयी पिंड विचरण कर रहे हैं। जिस तरह ब्रह्मांड का विस्तार अनंत है, उसी तरह इसमें अनंत आकाशीय पिंड, तत्व, पदार्थ, गैसें, ग्रह, नक्षत्र, तारे और मंदाकनियां भी अनंत हैं। हमारे वैदिक ऋषियों ने इन्हें खंगालने की शुरुआत हजारों साल पहले कर दी थी। अब आधुनिक वैज्ञानिक दो सौ साल से इन्हें खंगालने में लगे हैं। बावजूद ब्रह्मांड का सबसे बड़ा व प्रमुख रहस्य यह है कि ब्रह्मांड को गतिमान बनाए रखने के जो पदार्थ और ऊर्जाएं हैं, उनका मात्र चार प्रतिशत ही हम अब तक जान पाए हैं। सच यह भी है कि जिसे वैज्ञानिक अदृश्य पदार्थ या ऊर्जा कह रहे हैं, वह किस तरह का पदार्थ अथवा ऊर्जा है, इसकी सटीक जानकारी भी नहीं है। अब जाकर वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि कृष्ण विवर में लंबे समय तक गैसों के लगातार एकत्रित होते रहने से ब्लैक होल क्वासर के रूप में परिणत होकर चमकने लगता है। इस अध्ययन से उस कालखंड में कृष्ण-विवरों पर गैसों का किस तरह प्रभाव पड़ता था, इस परिप्रेक्ष्य में नई समझ विकसित हुई है।

वैज्ञानिकों ने इस खोज में दावा किया है कि जितना अधिक चमकीला क्वासर होगा, आकार में वहां उतना ही विराट विवर होगा। उसकी गहराई भी उतनी ही ज्यादा होगी। मंदाकिनी के केंद्र में बनने वाले एक विषालकाय कृष्ण-विवर का आकार सूर्य से करोड़ों अथवा अरबों गुना तक बड़ा होता है। हमारी निहारिका या आकाशगंगा में जो सुपरमैसिव कृष्ण-विवर होता है, उसे सैगिटेरियस-1 नाम दिया गया है। इसके द्रव्यमान का अनुमान 40 लाख सूर्यों के बराबर माना गया है। सभी कृष्ण-विवर आकार में बड़े ही होते हों, ऐसा भी नहीं है। एक अणु के बराबर कृष्ण-विवर भी होते है, लेकिन इनका द्रव्यमान एक बड़े पहाड़ के बराबर होता है। विराट ब्रह्मांड में तारों के इर्द-गिर्द गुरुत्वाकर्शण के प्रभाव से ही ग्रह निरंतर परिक्रमा में लगे रहते हैं। इसी कारण सौरमंडल के गृह सूरज की परिक्रमा में लगे हैं। पहले इन्हें अत्याधिक तीव्र रेडियो या आकाशीय तरंगों के स्रोत के रूप में देखा व जाना गया। नतीजतन इन्हें क्वासर स्टेलर रेडियो सोर्स नाम दिया गया था।

दरअसल, ब्रह्मांडीय विचलनों के चलते पृथ्वी पर चल रहे जीवन को लेकर अनेक चुनौतियां और आशंकाएं पैदा होने लगी हैं। चूंकि सौर्यमंडल के सारे ग्रह गुरुत्वाकर्षण बल के जरिए ही परस्पर जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे को संतुलित रखते हुए गतिशील हैं। मंदाकिनी और तारों का अचानक विलोपित हो जाना और अपने पीछे एक कृष्ण विवर छोड़ जाना सौरमंडल के लिए खतरे का संकेत है। इनका द्रव्यमान इतना सघन और गुरुत्वाकर्षण बल इतना तीव्र होता है कि प्रकाश की किरणें भी इनके पार नहीं जा पाती हैं। यह इन्हें अवषोशित कर लेते हैं। ये सब प्रक्रियाएं किस तरह से घटित होती हैं, इन रहस्यों से ही पर्दा उठाने का काम भारतीय उपग्रह एक्सपोसैट करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना



संकलित
दर्शन

कबीर कहते हैं कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति संसार से मुक्त होने की इच्छा रखता है, लेकिन अपनी तृष्णाओं से मुक्त नहीं होता, उससे घिरा रहता है। जब तक ये हमारे भीतर जीवित हैं, हम संसार से मुक्त नहीं हो सकते। इससे मुक्त होकर इस संसार से जाने पर दोबारा जन्म नहीं होता। वास्तव में तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना है। तुम अहंकार की ऊंचाइयों पर उठे और वहां भी तुमने भीतर क्षुद्रता का ही वास पाया। तुम महलों में रहे, लेकिन तुम्हारे भीतर की वासना का भिखमंगापन नहीं मिटा। तुमने सब कमाया और तुमने पाया कि सब कमाना अपने को गंवाना है। बुद्ध निरंतर कहते हैं कि तुम तृष्णा से मुक्त हो जाओ, तुम संसार से मुक्त हो गए। तुम कोई कामना नहीं करो कि यह मुझे पूरा करना है। तुम जैसे हो वैसे होने से राजी हो जाओ, फिर तुम्हारा कोई जन्म नहीं होगा। तुम जहां हो वहीं ऐसे तृप्त हो जाओ जैसे मंजिल पर हो। कोई यात्रा नहीं है करने की, कहीं जाना नहीं है। जो पा लिया, वह काफी से काफी है। जो मिल गया, वह पर्याप्त से ज्यादा है। जो हो गया, उससे ज्यादा का कोई खयाल नहीं है। तब तुम्हें कैसे जन्म मिल सके गा? तब तुम पूरे होकर मरोगे। और जो पूरा होकर मरता है, उसके आने की कोई जरूरत नहीं रह जाती। उसने मरने की कला जान ली। जो तृष्णा-शून्य मरता है, वह मरने की कला जान गया।' कितने जन्मों से तुम मर रहे हो और एक क्षण को तुमने विचार नहीं किया, लौट कर एक बार नहीं सोचा कि तुम क्यों इस जाल में फंसे हो।

## आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन



संकलित
प्रेरणा

चाणक्य शास्त्र में आचार्य चाणक्य ने तरक्की की राह पर आगे बढ़ने और जीवन में महान उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखने की सलाह दी है। चाणक्य के अनुसार, व्यक्ति में कई ऐसी बुरी आदतें होती हैं, जिससे जीवन में धन की तंगी का सामना करना पड़ता है और व्यक्ति की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे खराब होने लगती है। चाणक्य का मानना है कि जिस घर में अक्सर गृह-क्लेश की स्थिति रहती है। व्यक्ति की बोल हमेशा कड़वे रहते हैं और ज्यादातर समय दूसरों की बुराई करने में व्यतीत होता है। ऐसे लोग की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बिना सोचे-समझे धन खर्च करने से व्यक्ति को अक्सर धन की तंगी का सामना करना पड़ता है। इसलिए आय से अधिक खर्च ना करें। बचत पर ध्यान दें। आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाए रखें। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। चाणक्य नीति के अनुसार, कड़ी मेहनत और व्यक्ति के गुण-ज्ञान से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलती है और उसे धन, सुख और संपत्ति की कभी कमी नहीं रहती है। इसलिए लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए और ईमानदारी से धन अर्जित करना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार, जिस घर में ज्यादा गंदगी रहती है और व्यक्ति साफ-सुथरे वस्त्र नहीं पहनते हैं। ऐसे लोगों को जीवनभर दरिद्रता का सामना करना पड़ता है। इसलिए घर की साफ-सफाई के साथ स्वच्छ कपड़े पहनें।

अंतर्मन




आज की पाती

### सडक़ हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, जो वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! *-दिनेश कुमार साहू, रायपुर*

करंट अफेयर

## भारत में कैंसर से 9.3 लाख लोगों की मौत



एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए वहीं 9.3 लाख लोगों की कैंसर से मौत हो गई। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और इससे होने वाली मौत के मामले में एशिया में चीन और जापान भी भारत से पीछे नहीं हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार 2019 में एशिया में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए अहम खतरा बना, जहां इसके 94 लाख नए मामले सामने आए और 56 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें से चीन में कैंसर के सर्वाधिक 48 लाख नए मामले सामने आए और 27 लाख लोगों की मौत हुई। जापान में कैंसर के लगभग नौ लाख नए मामले सामने आए और 4.4 लाख मौतें हुईं। शोधकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा, हमने 1990 से 2019 के बीच एशिया के 49 देशों में 29 प्रकार के कैंसर के अस्थाई पैटर्न की जांच की। शोधकर्ताओं के अनुसार एशिया में कैंसर सबसे अधिक श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़ों (टीबीएल) में पाया गया।

ऑफ बीट

## उल्काएं, सुपरमून, एक धूमकेतु 2024 में द बहुत कुछ ...



हम 2024 में दक्षिणी आकाश में कौन सी रोमांचक घटनाएं देखेंगे? उल्कापात, चंद्रमा द्वारा ढका हुआ शनि, चमकीले ग्रहों का एक-दूसरे के करीब आना, सुपरमून - और, अगर हम भाग्यशाली हैं, तो आंखों से दिखाई देने वाला धूमकेतु। भले ही आप प्रकाश प्रदूषण से घिरे शहर में रहते हों, ये सब देखने लायक हैं। यहां कुछ मुख्य घटनाक्रम इस प्रकार हैं। मई में दक्षिणी गोलार्ध के दो मुख्य उल्कापातों में से पहला एटा एक्वेरिड या एटा एक्वेरिड शावर है। इसका नाम कुंभ राशि के एक तारे, वाटर कैरियर के नाम पर रखा गया है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि उल्कापिंड वहीं से उत्पन्न होते हैं। उल्कापिंड छोटे कण होते हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं और जलते ही प्रकाश की एक लकीर बनाते हैं। उल्कापात तब होता है जब कई कण टकराते हैं, सभी एक ही दिशा से आते हैं। वे आम तौर पर पृथ्वी के धूमकेतु द्वारा छोड़ी गई धूल की धारा से गुजरने के कारण होते हैं। एटा एक्वेरिड्स के लिए, धूमकेतु प्रसिद्ध हैली धूमकेतु है, जिसे पहली बार 2,000 साल से भी पहले दर्ज किया गया था। 2024 में, सोमवार 6 और मंगलवार 7 मई की सुबह उन्हें देखने का अच्छा अवसर मिलेगा, क्योंकि चंद्रमा आकाश में चमक नहीं रहा होगा। दिसंबर में दो मुख्य उल्कापातों में से दूसरा जेमिनीड शावर है।

ट्रेंड

### सरकार की प्राथमिकता



हम भारत वर्ष की नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें भारत की प्रगति का संचालक बनाने को अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं। केरल में श्रीत्रि शक्ति मोदिक्कोप्पम में बोलते हुए हमने अपनी इसी प्राथमिकता को दोहराया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वीवीपैट बहुत जरूरी



लोकतंत्र में यह जानना हमारा अधिकार है कि मेरा वोट सही ढंग से डाला गया है। मैंने कभी भी ईवीएम पर भरोसा नहीं किया। वीवीपैट मुझे दिखाता है कि मेरे वोट का सही उपयोग हुआ है। ये मुझे आश्वस्त करने के लिए बहुत जरूरी है।
-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### सत्य की जीत



माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द।
-गौतम अडाणी, उद्योगपति

### नए लक्ष्य पाने का अवसर



पिछले सालों में युवा हुए करोड़ों नागरिकों को यह देखने का अनुभव ही नहीं है कि प्रधानमंत्री कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करते थे, कैसी होती थी वह? वे जानते ही नहीं कि लोकतंत्र में प्रधानमंत्री कैसे प्रेस के माध्यम से जनता को अपनी जवाबदेही निभाता है।
-राहुल देव, पत्रकार

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### फ्लाईओवर पर भीषण आग

# डिवाइडर से टकराकर धधक उठा ऑयल टैंकर

# आग का 'पुल'





एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में खन्ना इलाके के पास एक फ्लाईओवर पर बुधवार एक आइल टैंकर रोड डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे फ्लाईओवर पर भीषण आग लग गई। फ्लाईओवर पर से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दीं और आसमान में घना काला धुआं फैल गया। खन्ना के पास फ्यूल टैंकर के डिवाइडर से टकराकर पलटने से उसका आइल नेशनल हाईवे पर फैल गया और आग लग गई। इसके बाद गहरा धुंआ और और आग की लपटों का दृश्य दिखाई देने लगा।

#### काले धुएं का गुबार ही गुबार दिखा

घटना की तस्वीरों और वीडियो में फ्लाईओवर के नीचे से वाहनों के गुजरने के दौरान आसमान में घना काला धुआं उड़ता दिख रहा है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने या गंभीर चोट लगने की कोई खबर नहीं है। आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और भीषण आग को बुझाने की कोशिश कर रही हैं।

#### आग की जद में आया पूरा हाईवे

दमकल की टीम को मौके पर पहुंचने तक तेल का टैंकर पूरी तरह से आग से घिरा हुआ नजर आया।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे टैंकर हाइवे पर धू-धू जल रहा है। तेल के टैंक में भीषण आग लगने से हड़कंप मच हुआ है। पूरा फ्लाइओवर आग की चपेट में है। आग लगने के बाद फ्लाईओवर की दोनों तरफ के रास्ता बंद कर दिए गए है

## खबर संक्षेप

### बजरंग-साक्षी और विनेश पर भड़के युवा पहलवान



**नई दिल्ली** भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। साक्षी मलिक ने संन्यास का ऐलान किया।

### महुआ की शिकायत पर 'सचिवालय' को नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा द्वारा संसद के निचले सदन से उनके निष्कासन को चुनौती की याचिका पर लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए संजीव खन्ना ,दीपांकर दत्ता की पीठ ने जवाब मांगा है।

### पीठासीन अफसरों का सम्मेलन आज से



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा की राजधानी कंपाला में 04 से 06 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 27वें सम्मेलन को संबोधित करेंगे। हरिवंश एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ युगांडा रवाना हो गए हैं।

### गिरफ्तारी का विरोध भाजपा ने किया प्रदर्शन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर बवाल मच गया है। कर्नाटक पुलिस ने अयोध्या राम मंदिर के लिए 1992 में एक आंदोलन में कथित भागीदारी के सिलसिले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

### ईडी के तीसरे समन पर पेश नहीं हुए केजरीवाल, नोटिस को बताया अवैध

# राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस को लेकर मैं व्यस्त हूं

दिल्ली के मुख्यमंत्री इस बार पहले की तरह पेश नहीं हुए, इसके जवाब में उन्होंने कई कामों का हवाला देकर एजेंसी को भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी तीसरे समन पर भी बुधवार को पेश नहीं हुए और उन्होंने एक लिखित जवाब भेजकर नोटिस को अवैध बताया। ईडी को लिखे पत्र में केजरीवाल ने कहा कि वह राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों में व्यस्त हैं, लेकिन एजेंसी की किसी भी प्रश्नावली का जवाब देने के लिए तैयार हैं। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ईडी से अपने पहले के पत्रों का जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित पूछताछ/जांच के लिए बुलाए जाने से जुड़े वास्तविक इरादे और इस पूछताछ की प्रकृति और दायरे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। उन्होंने समन के जवाब में कहा कि उपर्युक्त महत्वपूर्ण पहलुओं पर आपकी चुप्पी मुझे यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित करती है कि आप अनुचित गोपनीयता बनाए हुए हैं और वर्तमान मामले में अपारदर्शी और मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं।

केजरीवाल ने इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इंकार कर दिया था और नोटिस को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था। दिल्ली से राज्यसभा की तीन सीट के लिए होने वाले चुनाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक होने के नाते मैं इस इस प्रक्रिया से जुड़ा हूं और इन महत्वपूर्ण चुनाव के लिए तैयारी में जुटा हूं। दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते मैं गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी 2024 के लिए कई कार्यक्रमों और समारोहों की योजना और तैयारियों में व्यस्त हूं। दिल्ली के इन मौजूदा राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 27 जनवरी 2024 को समाप्त हो जाएगा।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इंकार कर दिया था और नोटिस को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था।

#### सवाल लिखकर भेजिए, खुशी से जवाब दूंगा

केजरीवाल ने कहा कि यदि ईडी उनसे कोई जानकारी मांगती है, तो उन्हें किसी प्रश्नावली का जवाब देने में प्रसन्नता होगी। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष



सिसोदिया और 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी की ओर से समन भेजने के समय पर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा कि ईडी ने अभी तक यह जवाब नहीं दिया है कि केजरीवाल को किस हैसियत से बुलाया जा रहा है - एक गवाह के रूप में या एक आरोपी के रूप में। आप की ओर से आरोप लगाया गया है कि आबकारी नीति से जुड़ा पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है जिसका मकसद केजरीवाल को आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने का प्रयास करना है।

#### ये भी बोले-समन मेरे तक पहुंचने से पहले मीडिया में प्रसारित हो चुका था

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि समन उन तक पहुंचने से पहले ही मीडिया में प्रसारित हो चुका था। उन्होंने कहा कि इससे सवाल उठता है कि क्या समन का उद्देश्य कोई वैध पूछताछ करना है या मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल करना है। केजरीवाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप मेरी आपत्तियों पर विचार करते हुए पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से कानून के अनुसार कार्य करेंगे। मैं भी आपकी जांच में सहयोग करने को बिल्कुल तैयार हूं। अगर आप कोई जानकारी या कोई दस्तावेज चाहते हैं तो मुझे किसी भी सवाल का जवाब देने में खुशी होगी।

#### केजरीवाल ने ईडी से पूछे सवाल

- अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे परेशान करने के लिए यह समन जारी किए जाते हैं।
- नोटिस से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि मुझे एक गवाह के रूप में बुलाया जा रहा है या एक संदिग्ध के रूप में।
- उन्होंने कहा कि नोटिस फाइल ईसीआईआर/ईसीआईआर/एचआईयूआईआई/14/2022 के संबंध में कुछ भी नहीं बता पाता है। इसमें कोई कारण नहीं है कि मुझे समन भेजा गया है और इसमें विवरण नहीं है।
- समन में मुझे अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मुझे किस हैसियत से बुलाया गया है। मुझे एक व्यक्ति के रूप में, या दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में या फिर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बुलाया गया है।

### अधीर रंजन के बयान से बढ़ी सियासी गरमी

## भाजपा अभिषेक को बना देगी मुख्यमंत्री, मतभेद सामने आए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में टीएमसी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पिछले कुछ समय से ओल्ड बनाम न्यू गार्ड की लड़ाई देखने को मिल रही है। पार्टी के ही कुछ युवा नेता अब अभिषेक बेनर्जी को बड़े पद पर देखना चाहते हैं, वहीं ममता वरिष्ठ नेताओं के लिए उचित सम्मान की बात कर रही हैं। असल में टीएमसी के 27वें स्थापना दिवस समारोह के बीच पार्टी के अंदर ही कुछ मतभेद सामने आ गए हैं।

#### चौधरी ने ली चुटकी

अब उन्हीं मतभेदों पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने चुटकी लेने का काम कर दिया है। उनकी तरफ से दावा किया गया है कि टीएमसी में जो भी तनाव देखने को मिल रहा है, असल में उसकी पटकथा भाजपा द्वारा लिखी जा रही है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि आने वाले समय में भाजपा ममता के ही भतीजे अभिषेक को बंगाल का सीएम बना सकती है।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज का असदुद्दीन पर हमला

## ओवैसी के अंदर समाया जिन्ना का जिन्न, जबरन भड़का रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला बोला है। सिंह ने कहा कि ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न प्रवेश कर गया है। ये भारत को तोड़ना चाहते हैं। वह युवाओं को भड़का रहे हैं। पूरे देश में भगवान राम का ही डीएनए है। हिंदू-मुसलमान एक ही है।

हजारों साल सनातन हिंदू धर्म को सताया गया। कभी बाबर तो कभी गजनी तो कभी मुगल आक्रांताओं। सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला करते कहा, लालू यादव का ये मकड़जाल है वह नीतीश को मकर जाल में फंसाकर रखना चाहते हैं।

# तो भाई के खिलाफ मैदान में डटेंगी बहन, आंध्र में जगनमोहन के खिलाफ कांग्रेस की घेराबंदी

## आज शर्मिला मिल सकती हैं सोनिया गांधी से, आंध्र सीएम की बहन हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक और तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी की नजर अपने पुराने गढ़, आंध्रप्रदेश को पाने की ललक जगी है। तमिलनाडु में डीएमके साथ कांग्रेस पार्टी सत्ता में है।

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी की छोटी बहन शर्मिला अब पूरी तरह से अपनी पार्टी वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का विलय कांग्रेस पार्टी में करने को तैयार हैं। बहुत उम्मीद है कि गुरुवार को उनकी मुलाकात दिल्ली में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से हो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ शर्मिला पार्टी हाईकमान से मिल सकती हैं। शर्मिला की पार्टी के विलय के साथ ही कांग्रेस पार्टी शर्मिला का उपयोग आंध्रप्रदेश की राजनीति में करना चाहेगी। हाल ही में हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव में शर्मिला ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हुए एक भी पार्टी उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा था। विपक्षी वोटों का बंटवारा रुका। कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राष्ट्र समिति सरकार को उखाड़ फेंका। तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद अब कांग्रेस की बारी है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व में शर्मिला लगातार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के संपर्क में है। माना जा रहा है कि शर्मिला को कर्नाटक से राज्यसभा से सदन में लाया जाएगा। उनकी पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय कर आंध्रप्रदेश की सियासत में वाईएसआर प्रमुख और मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ शह और मात के रूप में शर्मिला का उपयोग किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आंध्रप्रदेश की राजनीति के सर्वोच्च नेता रहे तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएसआर की आकस्मिक मृत्यु के बाद परिस्थितिवश जगनमोहन ने कांग्रेस से अलग होकर अपने पिता के नाम वाईएसआर कांग्रेस की के नाम से पार्टी को स्थापित किया। लगातार दो बार सत्ता में आए। उनकी छोटी बहन शर्मिला वाईएसआर कांग्रेस के तहत तेलंगाना की राजनीति कर रही थीं। कुछ कारणों से दोनों ने अपने अपने रास्ते अलग कर लिये। अभी के समय में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी और शर्मिला की मां वाईएस विजय अम्मा ने वाईएआर कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर अपनी बेटी का साथ देने का मन बनाया है। जाहिर है परिवार में पड़ी फूट को कांग्रेस पार्टी अवसर में तब्दील कर पार्टी के गढ़ आंध्रप्रदेश को फिर से पाने के लिए बिसात बिछाने में जुट गई है।

# झारखंड के सीएम सोरेन नहीं देंगे इस्तीफा, बैठक में लिया फैसला

## सीएम आवास पर सहयोगी दलों की बैठक

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे। सीएम आवास पर



हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे। सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कुछ नेता नहीं पहुंचे हैं जिन्होंने अपनी वजह बता दी है। बस सभी सहयोगी दलों को एक लाइन पर लाने की कवायद है।

#### सोरेन के करीबियों पर ईडी का शिकंजा

#### डीएसपी, मीडिया सलाहकार समेत 12 पर छापा

अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। रांची और राजस्थान में छापेमारी की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने झारखंड में भी कई ठिकानों पर छापेमारी की।सीएम सोरेन के कई करीबी कारोबारियों के यहां ईडी की बड़ी कार्रवाई हुई है। सोरेन के प्रेस एडवाइजर अभिषेक प्रसाद के यहां भी छापेमारी की।

#### साथ ही अन्य लोग भी रडार पर

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड में अवैध खनन की जांच को लेकर सीएम के प्रेस सलाहकार और अन्य लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। इस मामले में सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के आवास पर ईडी ने छापेमारी की। अभिषेक प्रसाद के आवास और साहेबगंज उपायुक्त के आवास समेत 12 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

### अदालत में एएसआई की टीम का आवेदन

# 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट न करें सार्वजनिक, आज होगा फैसला

## ज्ञानवापी परिसर का मामला

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए या नहीं, इस पर बुधवार को जिला जज की अदालत से आदेश नहीं आया। मामले पर जिला जज ने सभी पक्षों को सुनकर गुरुवार को आदेश देने का फैसला लिया है। एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए, क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा।

#### मुस्लिम पक्ष ने पहले की थी आपत्ति




भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी।

#### मीडिया कवरेज पर लगे रोक: मसाजिद कमेटी

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने अनुरोध किया कि शपथ पत्र लेने के बाद ही सर्वे की रिपोर्ट दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्वे की रिपोर्ट लीक नहीं होगी। मीडिया कवरेज पर रोक की मांग भी की है।

### सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की वकील से तीखी बहस, हिदायत दी

# अपनी आवाज नीची करो, नहीं तो बाहर करवा दूंगा

एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन आवाज काफी तेज और तल्ख थी। सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जज और वकील के बीच में तीखी बहस होना नई बात नहीं है। कई अवसरों पर कई मुद्दों पर ऐसा हो चुका है। लेकिन कोई जज अपना आपा खो दे, सीधे बाहर भेजने की धमकी दे दे, ऐसा कम ही बार होता दिखता है। अब जो कम बार होता है, वो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कर दिया है। उनकी तरफ से एक वकील को दो टूक कह दिया गया कि अपनी आवाज नीचे करो, नहीं तो बाहर निकलवा दूंगा।

#### ये भी बोले- आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी होगी

#### ये 23 साल में आज तक कभी नहीं हुआ



सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज काफी तेज और तल्ख थी। इसी वजह से सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए। अगर आपको लगता है कि अपनी आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। ये 23 सालों में आज तक कभी नहीं हुआ है। मेरे कॅरियर के आखिरी साल में भी ऐसा नहीं होने वाला है।

#### विकास सिंह चुप रहिए, बाहर जाइए

इसी तरह पिछले साल मार्च में भी एक ऐसा मौका आया था जब चंद्रचूड़ ने चिल्ला दिया था। उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को चुप रहने के लिए कह दिया था और तुरंत कोर्ट से जाने के आदेश दिए थे। ऐसे में ये कोई पहली बार नहीं है जब चंद्रचूड़ ने इस तरह से तल्ख अंदाज में जवाब दिया हो।

#### इसके पहले फोन जब्त कर लिया था...

सीजेआई की इस तल्ख टिप्पणी से वकील भी हैरान रह गए। उन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि उन्हें इस



तरह से फटकार पड़ जाएगी। लेकिन क्योंकि सुनवाई को जारी रखना था, ऐसे में वकील ने न सिर्फ अपनी आवाज धीमी की, बल्कि उनकी तरफ से माफी भी मांग ली गई। इससे पहले भी सीजेआई की नाराजगी दिख चुकी है। एक बार सुनवाई के दौरान कोई वकील अपने फोन का इस्तेमाल कर रहा था, उन्होंने दो टूक कहा था कि ये क्या कोई मार्केट है, इनका फोन जब्त कर लिया जाए।

# ट्रक चालक काम पर लौटे, एक-दो दिन में हालात हो जाएंगे सामान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'हिट एंड रन' के नए और सख्त कानून के खिलाफ हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया है और एक-दो दिन में हालात सामान्य हो जाएंगे। ट्रक चालक संघ अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एआईएमटीसी ने मंगलवार को सरकार के इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी ट्रक चालकों से अपनी हड़ताल खत्म करने की अपील की कि भारतीय न्याय संहिता के तहत 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए जेल और जुर्माने के सख्त प्रावधानों को लागू करने का निर्णय संघ के साथ परामर्श के बाद लिया जाएगा। 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए कड़े प्रावधानों का मुद्दा उठाने के लिए एआईएमटीसी के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला से मुलाकात की थी।

एआईएमटीसी के महासचिव एन के गुप्ता ने कहा, "हमने हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया था... हड़ताली चालक काम पर वापस आ रहे हैं और एक या दो दिन में सामान्य परिचालन बहाल हो जाएगा।" उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर ट्रक चालकों की हड़ताल नए कानूनों पर एक सहज प्रतिक्रिया थी और "चालकों को अब चिंता करने की ज़रूरत नहीं है और उन्हें काम में शामिल होना चाहिए और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान देना चाहिए।"

### हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया

#### 'कड़े दंड' प्रावधानों का विरोध

कुछ ट्रक, बस और टैंकर संचालकों ने 'कड़े दंड' प्रावधानों के विरोध में कई राज्यों में सोमवार को तीन दिन की हड़ताल शुरू की थी। भारतीय दंड संहिता की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाएं करने वाले और अधिकारियों को सूचित किए बिना भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में ऐसे मामलों में सजा का प्रावधान दो साल था।



## खबर संक्षेप

### सिएट को जीएसटी मांग को लेकर नोटिस



**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली सिएट लि. को महाराष्ट्र और गुजरात के वडोदरा में कर अधिकारियों से जीएसटी और जुर्माने की मांग को लेकर 19 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। वडोदरा के अतिरिक्त आयुक्त ने 3.27 करोड़ रुपये के ब्याज और 13.68 करोड़ रुपये के जुर्माने के साथ आदेश जारी किया है।

### एयर कंडीशनर गुणवत्ता आदेश में मिली ढील

**नई दिल्ली।** सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के इरादे से एयर कंडीशनर (एसी) उद्योग के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) से जुड़े मानकों में ढील दी है। एयर कंडीशनरों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 2019 में क्यूसीओ आदेश जारी किया था और यह पिछले साल अक्टूबर से लागू हुआ है। लेकिन इसके मानदंडों को लागू करने को लेकर एसी उद्योग के हितधारकों की तरफ से जताई जा रही मुश्किलों को देखते हुए इनमें ढील देने का फैसला किया गया है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण घटाया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण पर ब्याज 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दिया है। ग्राहकों को नये साल की पेशकश के तहत ब्याज में कमी की गई है। आवास ऋण के लिए प्रसंस्करण शुल्क में भी कटौती की गई है। सभी ग्राहकों को बेहतर वित्तपोषण समाधान प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### निफ्टी भी 148.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत फिसला

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 536 अंक और टूटा

- अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले बाजार में सुस्ती रही
- धातु और जिंस शेयरों में भी गिरावट रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 536 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 535.88 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,356.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 588.51 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 148.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत फिसलकर 21,517.35 अंक पर रहा।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच आईटी तथा बैंक शेयरों में लगातार गिरावट से प्रमुख सूचकांक दिन के निचले स्तर के करीब बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले बाजार में सुस्ती रही। धातु और जिंस शेयरों में भी गिरावट रही। हालांकि, ताजा लिवाली से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, रियल्टी और दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।



#### इन कंपनियों में नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

#### शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंता

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नए संकेतकों के अभाव और शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंता से निवेशक बाजार से दूर रहे। चीन और यूरो क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट के साथ वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेतकों से 2024 में वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर चिंता बढ़ी है। सबसे महत्वपूर्ण, बाजार को नीतिगत दर के बारे में संकेत को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के बैठक के ब्योरे की प्रतीक्षा है।

#### 1,602.16 करोड़ के शेयर खरीदे

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.47 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,602.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे थे। सेंसेक्स मंगलवार को 379.46 अंक और निफ्टी 76.10 अंक के नुकसान में रहा था।

#### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटी

महंगाई कम रहने के बावजूद कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में धीमी बढ़ोतरी की वजह से दिसंबर में देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटकर डेढ़ साल के निचले स्तर 54.9 पर आ गयी। नवंबर में यह 56 थी। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है। एचएसबीसी इंडिया के विनिर्माण पीएमआई सर्वेक्षण से पता चलता है कि कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में नरम वृद्धि हुई। हालांकि, आगामी वर्ष के लिए कारोबारी भरोसा मजबूत हुआ है।

#### आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी: फिच



एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि वर्ष 2024 में मजबूत बनी रहेगी और भारत समेत कई उभरते बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने 'एपीएसी क्रॉस-सेक्टर आउटलुक 2024' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत और इंडोनेशिया समेत समग्र एशिया-प्रशांत के उभरते बाजारों में बैंक क्षेत्रों के लिए परिदृश्य वर्ष 2024 में सुधार की तरफ अग्रसर है।

#### एशियाई बाजारों में गिरावट

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.30 प्रतिशत और मिडकैप 0.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

### वोडाफोन आइडिया के बालाजी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के मुख्य नियामकीय एवं कॉरपोरेट मामलों के अधिकारी पी बालाजी ने इस्तीफा दे दिया है। बीएसई को बुधवार को भेजी सूचना में वोडाफोन आइडिया ने कहा कि बालाजी 10 जनवरी, 2024 से कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मी के पद पर नहीं रहेंगे। कंपनी ने यह नियामकीय सूचना के साथ यह पत्र साझा किया है।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
GOVERNMENT OF INDIA/भारत सरकार
MINISTRY OF RAILWAYS/रेल मंत्रालय
(RAILWAY BOARD/रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र–6
विषय: ई–निविदा क्रमांक, जीरो स्पीड (ZITMS) से इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए TM-2302।
ZITMS निविदा संख्या की निविदा बंद करने की संशोधित तिथि और समय के संबंध में शुद्धिपत्र–6 TM-2302 दिनांक 29.01.2024 (सोमवार 15:00 बजे) को वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। तारीख : 03.01.2024
(राजीव कुमार तंवर)
निदेशक, ट्रैक (मॉड.), रेलवे बोर्ड
टेली. नंबर 011–47845530
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 26/2024

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82241151 | मेटफॉर्मिन 1000mg एसआर/ईआर | 3491470 Nos. | 25.01.2024 |
| 2. | 82242390 | पीएफएस में एरिथ्रोपोइटिन ह्यूमन रीकॉम्बिनेंट इंजेक्शन 10,000 आईयू | 8630 Nos. | 25.01.2024 |
| 3. | 82242895 | पीएफएस में एरिथ्रोपोइटिन ह्यूमन रीकॉम्बिनेंट इंजेक्शन 4000 आईयू | 33210 Nos. | 25.01.2024 |
| 4. | 82240637 | टेबलेट टिकाग्रेलर 90 मिलीग्राम | 468000 Nos. | 25.01.2024 |
| 5. | 82241055 | सैक्यूबिट्रिल 49 मिलीग्राम और वाल्सार्टन 51 मिलीग्राम | 189222 Nos. | 25.01.2024 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं: Inj. Medicines दिनांक: 03.01.2024 25/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोने में 230 रु. की गिरावट चांदी 400 रु. फिसली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सोना 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया



विदेशी बाजारों में नरम रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 230 रुपए की गिरावट के साथ 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपए की गिरावट के साथ 78,400 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 78,800 रुपए प्रति किलो पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,059 डॉलर प्रति औंस और चांदी गिरावट के साथ 23.60 डॉलर प्रति औंस रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'डॉलर सूचकांक में आई मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेज बढ़ोतरी के बाद सोने की कीमतों पर दबाव आया।' जिंस बाजार में सोना हाजिर 2,059 डॉलर प्रति औंस पर रहा। यह वैश्विक बाजारों में पिछले बंद भाव से 14 डॉलर कम है।

# बजाज फाइनेंस ने डिजिटल एफडी लॉन्च करने की घोषणा की

**चंडीगढ़।** बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने आज डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) लॉन्च करने की घोषणा की, जो इसके ऐप और वेबसाइट के माध्यम से बुक की गई डिपॉजिट पर 8.85% तक की विशेष दरें उपलब्ध कराता है। साल के अंत के साथ, डिजिटल एफडी ग्राहकों को डिपॉजिट बुक करने के लिए डिजिटल एवं असिस्टेड डिजिटल मोड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करके बचत के अनुभव को रूपांतरित करता है। बजाज फिनसर्व ऐप और वेबसाइट का सफ़र सरल, सुरक्षित और निर्बाध है जिसमें लगभग तुरंत एफडी बुकिंग की जा सकती है। बजाज फाइनेंस के फिक्स्ड डिपॉजिट और निवेश प्रमुख सचिन सिक्का ने कहा, "हमारी बाधारहित प्रक्रियाएं, आकर्षक ब्याज दरें और ग्राहक अनुकूल नीतियां बजाज फाइनेंस एफडी के साथ उपभोक्ता के अनुभवों को और बेहतर बनाती हैं। 2 वर्षों में हमारी डिपॉजिट बुकिंग में 2 गुना वृद्धि भी बजाज ब्रांड पर ग्राहकों के भरोसे का प्रमाण है। हमारे एफडी अब जमाकर्ताओं को डिजिटल-फर्स्ट सोचने में सक्षम बनाते हैं। इसे एक सरल एंड-टू-एंड डिजिटल सफ़र के रूप में बनाया गया है, जिसमें विशेष रूप से बजाज फिनसर्व ऐप और वेब पर उच्च ब्याज दरें उपलब्ध हैं। यह एफडी खोलने के अनुभव को डिजिटल युग में लाता है।

गुमशुदा/अपहृत की तलाश
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **बिजेंदर पुत्र राम सिंह** निवासी मकान नंबर 175 अहीर मोहल्ला NR डाकघर नांगलोई, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक. 13.12.2023 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD. No. 74A दिनांक. 28.12.2023 थाना: नांगलोई, दिल्ली** में दर्ज है। इस व्यक्ति का शारीरिक बोयरा इस प्रकार है।

बिजेंदर
**उम्र**- 50 वर्ष, **रंग**- साँवला, **कद**- 5'10", **चेहरा**: लंबा, **शरीर**: मध्यम, **पहनावा**- आसमानी रंग की शर्ट और नीले रंग की पैंट और पैरों में चप्पल पहने है, स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थाना: नांगलोई, दिल्ली** निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।
फोन: 011-24368638,24368641
फैक्स नं. 011- 24368639
DP/14/OD/2024
हस्ता/- थानाध्यक्ष
नांगलोई, दिल्ली,
फोन: 8750205454

# 50 लाख रुपये तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटी

- नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में पिछले साल 50 लाख रुपये कीमत तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटकर 98,000 इकाई रह गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति की कीमतों में उछाल और आवास ऋण पर ऊंचे ब्याज की वजह से घरों की बिक्री में गिरावट आई है। इसके बावजूद शीर्ष आठ शहरों...दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद में बीते साल सभी मूल्य वर्ग में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,29,907 इकाई पर पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 50 लाख रुपये तक कीमत के घरों की आपूर्ति में पिछले साल सालाना आधार पर करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे सस्ती आवासीय इकाइयों की बिक्री घट गई। मध्यम आय वर्ग और लक्जरी आवास खंड में ऊंची मांग की वजह से घरों की कुल बिक्री 10 साल के उच्चस्तर पर पहुंच गई। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया एक वेबिनार में यह रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि 50 लाख रुपए और उससे कम कीमत वाली आवासीय संपत्तियों की बिक्री 2022 के 1,17,131 इकाई के आंकड़े से घटकर 2023 में 97,983 इकाई रह गई। इससे कुल आवास बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत रह गई है।

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 83.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी कोषों के प्रवाह से रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे की मजबूती के साथ 83.28 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख के बीच भारतीय मुद्रा दबाव में रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला।

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(ORDER 5, rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the court of Sh. Surinder S. Rathi
District Judge, Commercial Court-03, Shahdara District
Room No. 303, New Building, Karkardooma Court, Delhi
Case Reg. No. : CS(COMM) No. 564/2023
Mannu Juneja
Versus
Sumit Arora
To,
Sumit Arora
Proprietor of M/s Arora Knitwears
B-3-185/A, Ghati Jiwa Ram,
Bajwa Nagar, Ludhiana,
Punjab-141008
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 11-01-2024 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
GIVEN under my hand and seal of the court, this 22-12-2023.
Sd/
District Judge, Commercial Court-03, Shahdara District
Seal Karkardooma Court, Delhi

अपहृत की तलाश

आरूषि
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **आरूषि पुत्री दीपक प्रकाश, पता** सी–414, गली नं. 28, खजूरी खास, दिल्ली जो दिनांक 31.12.2023 प्रातः 11.30 बजे थाना खजूरी खास से अपहृत/गुमशुदा है। इस संदर्भ में **एफआईआर नं. 0003/24 दिनांक 31.12.2024 धारा 363 भा.द.स. के तहत** थाना खजूरी खास, दिल्ली में दर्ज है। अपहृत/गुमशुदा लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :
**नाम** : आरूषि, **पिता का नाम** : दीपक प्रकाश, **उम्र** : 13 साल, **कद** : 5 फुट, **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : लम्बा, **शरीर** : पतला, **पहनावा** : नीले रंग की जीन्स व नीले रंग की जाकेट और पैरों में लाल रंग के सैण्डल पहने हुए है।
अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
एक्सटेंशन : 2101
DP/53/NE/2024
थानाध्यक्ष
थाना : खजूरी खास, दिल्ली
फोन: 011-22962735
8750870727

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5384



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5383 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल- 5394

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5393 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## खबर संक्षेप



### संजय सिंह के बिना कुश्ती संघ स्वीकार्य

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है। साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्लूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। मलिक ने कहा, 'हमें नए महासंघ से कोई परेशानी नहीं है। सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है।'

### ब्रिसबेन : दूसरे दौर में हारी ओसाका

**ब्रिसबेन।** मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही नाओमी ओसाका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिसकोवा से 3-6, 7-6, 6-4 से हार गई।



दो बार अमेरिकी ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था। यह मई 2022 के बाद एलीट स्तर पर उसका पहला मैच था। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-3, 6-0 से मात दी।

### भारतीय टीम के खिलाफ खेलना खास अनुभव

**केपटाउन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरूआती कदम रख रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज टोनी डिजोर्जी ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना उनके लिये खाय अनुभव है क्योंकि जिन खिलाड़ियों को वह टीवी पर देखा करते थे,



अब उनके खिलाफ खेल रहे हैं। अब तक सिर्फ तीन टेस्ट और पांच वनडे खेल चुके डिजोर्जी ने इंटरव्यू में कहा, 'यह मेरे लिए खास अनुभव रहा है। कॅरियर की शुरुआत में भारत के खिलाफ अच्छा खेलना और उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना जिन्हें अब तक टीवी पर ही देखा है। यह शानदार अनुभव है।'

### अमांडा की आठ महीने बाद सफल वापसी

**आकलैंड।** अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए आकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6-0, 6-1 से हराया।



मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है। अमेरिकी ओपन जूनियर चैंपियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6-1, 6-2 से हराया।

### नाडा के राडार में रहेंगे पंत, ईशान और श्रेयस

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटना के बाद पुनर्वास के दौर से गुजर रहे क्रिकेटर ऋषभ पंत अब राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी के राडार में रहेंगे। नाडा की ओर से पहली बार रिकॉर्ड आठ क्रिकेटरों को अपने पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल किया गया है। इनमें ईशान किशन और श्रेयस अय्यर का नया नाम जुड़ा है, जबकि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना इस पूल में पहले से शामिल हैं। यही नहीं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले पहलवान बजरंग और विनेश फोगाट भी आरटीपी में बरकारार रखे गए हैं।

---

टेस्ट : टीम इंडिया के खिलाफ मेजबान का शर्मनाक रिकार्ड

# सिराज के कहर से अफ्रीकी टीम का सबसे छोटा स्कोर



मो. सिराज
06 विकेट
03 मेडन
15 रन
09 ओवर

केपटाउन। टेस्ट इतिहास में भारतीय टीम के खिलाफ दक्षिण अफ्रीकी टीम का किसी एक पारी में यह सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले अफ्रीकी टीम ने नवंबर 2015 में भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर बनाया था। तब नागपुर टेस्ट में अफ्रीकी टीम 79 रनों पर ढेर हो गई थी। केपटाउन में भारतीय टीम अब तक कभी भी कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है। कुल खेले गए 6 में से 4 टेस्ट यहां टीम इंडिया हारी है, वहीं दो अन्य टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में साल 2024 में पहला टेस्ट खेलने उतर रही टीम इंडिया के पास ये रिकॉर्ड बदलने का मौका होगा।

अंतिम 6 भारतीय बल्लेबाज 0 पर आउट



एक समय भारतीय टीम मजबूत स्थिति में दिख रही थी। टीम ने 33 ओवर में 4 विकेट पर 153 रन बनाए थे। मगर इसके बाद 34वें ओवर में एनगिडी ने बगैर कोई रन दिए 3 विकेट लेकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद अगले ओवर में रबाडा ने 2 विकेट झटके, जबकि सिराज रनआउट हुए। इस तरह 153 के स्कोर पर बगैर कोई रन बनाए भारतीय टीम ने 6 विकेट गंवा दिए। केपटाउन टेस्ट में भारतीय टीम पहली पारी में 153 रनों पर ढेर हो गई है। उसे पहली पारी में 98 रनों की बढ़त मिली है। टीम के लिए कोहली ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए. जबकि 7 बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और नांद्रे बर्गर ने 3-3 विकेट लिए।

**स्कोर बोर्ड**

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन का जायसवाल बो सिराज | 02 | 10 | 0 | 0 |
| डीन एल्गर बो मोहम्मद सिराज | 04 | 15 | 0 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो सिराज | 02 | 17 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शर्मा बो बुमराह | 03 | 11 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का जायसवाल बो सिराज | 12 | 17 | 2 | 0 |
| वेरेयने का गिल बो सिराज | 15 | 30 | 1 | 0 |
| यानसेन का राहुल बो सिराज | 00 | 03 | 0 | 0 |
| महाराज का बुमराह बो मुकेश | 03 | 13 | 0 | 0 |
| रबाडा का अय्यर बो मुकेश | 05 | 13 | 0 | 0 |
| बर्गर का जायसवाल बो बुमराह | 04 | 11 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 23.2 ओवर में 55/10
गेंदबाजी : बुमराह 8-1-25-2, सिराज 9-3-15-6, कृष्णा 4-1-10-0, मुकेश 2.2-2-0-2

---

### अफ्रीका के बल्लेबाजी के फैसले से हैरान

**केपटाउन।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान डीन एल्गर के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के फैसले पर हैरानी व्यक्त की। एल्गर का फैसला उन पर भारी पड़ गया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में 55 रन पर ढेर हो गयी जो भारत के खिलाफ उसका सबसे कम स्कोर था। भारतीय टीम भी पहली पारी में 153 रन पर सिमट गयी जिससे उसने 98 रन पर बढ़त हासिल की।

गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' पर अपने मैच विश्लेषण में कहा, 'जो कुछ हुआ उससे मैं थोड़ा हैरान था। क्योंकि काफी दफा कप्तान और कोच पिच के बारे में काफी चर्चा करते हैं।'गावस्कर ने कहा कि पहले टेस्ट में भारत को पारी से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पास उन्हें पहले बल्लेबाजी कराकर दबाव बनाने का अच्छा मौका था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आपको भारतीय टीम के मनोदशा को भी देखना था। दूसरी पारी में इतनी खराब बल्लेबाजी से पारी से हारने के बाद इस नयी पिच पर पहले बल्लेबाजी करना थोड़ा रक्षात्मक होता।'

---

## टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी, अश्विन शीर्ष पर कायम

एजेंसी ⏭ दुबई



भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए।

कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला के शुरुआती मैच में 101 और चार रन बनाए थे।

### गेंदबाजों में अश्विन का जलवा

गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि वह सेंचुरियन में 41 रन देकर एक विकेट ही झटक सके थे। रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। जडेजा आल राउंडर सूची में शीर्ष पर कायम हैं, उनके बाद अश्विन दूसरे स्थान पर हैं जबकि शार्दुल ठाकुर 34वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम रैंकिंग में भारत 118 अंक लेकर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ऊपर शीर्ष पर काबिज है।

---

## कमिंस ने चटकाए पांच विकेट पाकिस्तान ने बनाए 313 रन

एजेंसी ⏭ सिडनी

आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार पारी के पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोर दिया लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन के दम पर मेहमान टीम ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 313 रन बनाए। लंच के बाद पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 96 रन था और लग रहा था कि टीम सस्ते में सिमट जाएगी।

■ कमिंस ने लगातार तीसरी बार चटकाए पारी के पांच विकेट

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के 88 रन, आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वापसी की। आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के छह रन बनाए थे। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा को स्पिनर साजिद खान ने काफी परेशान किया। वॉर्नर ने पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर बाल बाल बचे।



### मोहन बागान ने फर्नांडो से नाता तोड़ा, हबास होंगे अंतरिम कोच

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग में क्लब के खराब प्रदर्शन के बाद बुधवार को अपने मुख्य कोच जुआन फर्नांडो से नाता तोड़ने का फैसला किया। इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी ने घोषणा की कि तकनीकी निदेशक अंतोनियो हबास को अगले हफ्ते होने वाले कलिंग सुपर कप के लिए अंतरिम कोच बनाया गया है। फर्नांडो को दिसंबर 2021 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था, तब वह एफसी गोवा से कोलकाता के इस क्लब से जुड़े थे। उनके मार्गदर्शन में मोहन बागान ने पिछले सत्र का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जीता था और एएफसी कप अंतरक्षेत्रीय सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। उनके साथ मोहन बागान ने इस सत्र में डूरंड कप भी जीता था। मोहन बागान ने एक बयान में कहा, 'जुआन फर्नांडो का इस साल डूरंड कप और आईएसएल 2022-23 में जीत दिलाने के लिए शुक्रिया।'

---

## अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप की घोषणा



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत में कुश्ती का संचालन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को अगले छह सप्ताह के अंदर अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। इससे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित पैनल को भंग करने की मांग की।

पैनल ने युवा पहलवानों की चिंता को समझा, जिनका करियर पिछले एक साल से शीर्ष पहलवानों के विरोध के कारण अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2023 के बाद राष्ट्रीय शिविर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन नहीं किया गया है। तीन सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने जूनियर पहलवानों को आश्वासन दिया कि सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जल्द ही ग्वालियर में आयोजित की जाएगी। बाजवा ने बयान में कहा, 'पैनल युवा पहलवानों की चिताओं को समझता है और उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति अगले छह सप्ताह के अंदर ग्वालियर में अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की योजना बना रही है।'

### कमजोर टेस्ट टीम चयन का सीएसए ने किया बचाव

एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिये कमजोर टीम चुनने पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेल रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू टी20 लीग दोनों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।




दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए सात नए चेहरों को चुना है जिसमें कप्तान भी नया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रिकेटर उस समय दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग खेलेंगे जो पिछले साल सीएसए और आईपीएल निवेशकों ने शुरू की है। सीएसए ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम को लेकर चिंताओं से वाकिफ है। हम प्रशंसकों को आश्वासन देते हैं कि हम टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम एसए 20 लीग को भी मजबूत करना चाहते हैं।'

## पोलैंड अंतिम-4 में पहुंचा, फ्रांस ने दर्ज की जीत

एजेंसी ⏭ पर्थ

पोलैंड ने चीन को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि फ्रांस ने इटली को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन को महिला एकल में 6-2, 6-3 से हराया। वहीं हुबर्ट हुरकाज ने झांग झिंजेन को पुरुष एकल में 6-3, 6-4 से मात दी। मिश्रित युगल में कैटरीना पीटर और जान जीलिंस्की ने याउ शियाओदी और सुन फाजिंग को 6-3, 5-7, 10-7 से हराया। पोलैंड की टीम अब सिडनी में सेमीफाइनल खेलेगी जहां उसका सामना फ्रांस और नॉर्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

यूनान को कनाडा से खेलना है और अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा। वहीं सर्बिया की टक्कर आस्ट्रेलिया से होगी।



### जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा। डब्लूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया। टीम : पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विक्की (97 किलो) और सुमित (125 किलो)। ग्रीको रोमन : ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)। महिला : सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)।



## सूर्यकुमार फिर सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर की दौड़ में शामिल



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को बुधवार को आईसीसी के पुरुष 'टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए चार नामांकन में शामिल किया गया। भारत के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2022 में यह पुरस्कार जीता था। वर्ष 2023 में सूर्यकुमार ने दबदबा बनाते हुए 17 पारियों में 48.86 के औसत और 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए हैं।

युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी आईसीसी पुरुष 'एमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023' के लिए चार खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। 22 साल के जायसवाल ने 2023 में 70.75 के औसत से टेस्ट में 283 रन बनाये हैं, उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 33.07 के औसत और 159.25 के स्ट्राइक रेट से 430 रन जोड़े हैं।

जायसवाल के अलावा तीन अन्य नामांकित खिलाड़ी रचिन रविंद्र (न्यूजीलैंड), गेराल्ड कोएत्जी (दक्षिण अफ्रीका) और दिलशान मदुशंका (श्रीलंका) हैं। 'टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के नामांकन में तीन अन्य खिलाड़ी जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (11 पारियों में 515 रन, 17 विकेट), यूगांडा के अल्पेश रामजानी (55 विकेट) और न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन (17 पारियों में 556 रन) हैं।

---

'सैंडपेपर' कांड : आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर कैटिच का बयान

# वॉर्नर को जनता से पूरा सम्मान मिलना मुश्किल

एजेंसी ⏭ सिडनी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच का मानना है कि 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण के मद्देनजर डेविड वॉर्नर को जनता का पूरा सम्मान नहीं मिलेगा क्योंकि देश में कई लोगों को अब तक यकीन नहीं होता कि उस समय उनकी टीम ने क्या किया।

तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान वॉर्नर और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में 'सैंडपेपर गेट' कांड के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। वॉर्नर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और उनकी छवि भी खराब हुई। कैटिच का मानना है कि पांच साल बाद भी उन्हें पूरी तरह से माफी नहीं मिली है। उन्होंने 'सेन रेडियो' से कहा, 'यह कहना मुश्किल है कि उन्हें पूरा



सम्मान मिलेगा क्योंकि लोगों को वह घटना पसंद नहीं आई थी और आनी भी नहीं चाहिए थी। कइयों को यकीन ही नहीं हुआ कि आस्ट्रेलियाई टीम ऐसा भी कर सकती है।' सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे वॉर्नर वनडे से भी संन्यास ले चुके हैं। कैटिच ने हालांकि कहा कि उस घटना के लिए वॉर्नर को पूरी तरह से दोषी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, 'पूरी घटना के लिए उन्हें दोषी कहना गलत होगा। कैमरन बेनक्रॉफ्ट और स्टीव स्मिथ भी इसमें शामिल थे लेकिन लोगों को लगता है कि इन तीनों के अलावा भी इसमें और लोग जुड़े थे। उस समय वॉर्नर ने माफी मांगने के बाद चुप्पी साध ली और फिर अच्छा क्रिकेट खेलकर मैदान पर वापसी की। यह हालांकि उतना आसान नहीं था। उसके लिए यह बहुत बड़ी बात है।'




# दुनिया के नक्शे में नहीं मिलेंगे ये कई देश...जानेंगे तो चौंकेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में 195 देश हैं, लेकिन इसके अलावा भी कुछ ऐसे देश हैं जो वर्ल्ड मैप में आपको नजर नहीं आते हैं। इन देशों के बारे में बेहद कम लोग जानते हैं। दुनिया में कई तरह के वर्ड मैप को लोग फॉलो करते हैं। वर्ल्ड मैप में कुल 195 देश हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि वर्ड मैप में ऐसे 7 देश हैं, जो शामिल ही नहीं किए गए हैं। इस लेख में हम आपको ऐसे ही देशों के बारे में बताएंगे जिनका नाम तक आपने सुना नहीं होगा और वर्ड मैप पर इन देशों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### इराकी कुर्दिस्तान

कुर्द लोग इसे बृहद कुर्दिस्तान के चार भागों में से एक मानते हैं और इराकी कुर्दिस्तान को इराकी संविधान में आधिकारिक रूप से कुर्दिस्तान क्षेत्र कहते हैं। यह देश साल 1970 से ही इराक के अंतर्गत मौजूद था। इराकी कुर्दिस्तान का अधिकांश भौगोलिक और सांस्कृतिक क्षेत्र कुर्दिस्तान क्षेत्र का हिस्सा है। यह देश वर्ड मैप में शामिल नहीं है।

### सोमालीलैंड

सोमालीलैंड आधिकारिक तौर पर सोमालीलैंड गणराज्य, हॉर्न ऑफ अफ्रीका में एक गैर-मान्यता प्राप्त राज्य है। यह देश अदन की खाड़ी के दक्षिणी तट पर स्थित है। सोमालीलैंड सरकार खुद को ब्रिटिश सोमालीलैंड का उत्तराधिकारी राज्य मानती है, स्वतंत्र सोमालीलैंड राज्य के रूप में साल 1960 से 1991 तक सोमाली गणराज्य बनाने के लिए ट्रस्ट टेरिटरी ऑफ सोमालीलैंड के साथ एकजुट हुआ था।



### ट्रांसनिस्ट्रिया

ट्रांसनिस्ट्रिया को सोवियत संघ के अवशेष के रूप में बताया जाता है। जब मोल्दोवा के सैनिकों ने 1990-1992 में इस देश पर कब्जा करने का प्रयास किया था तो ट्रांसनिस्ट्रिया में स्थित रूसी सैनिकों की मदद से ट्रांसनिस्ट्रिया ने उनका विरोध किया था। यह देश 1990 में बना था और इस देश की अपनी अलग सेना, करेंसी और झंडा है लेकिन यह वर्ड मैप में मौजूद नहीं है।

### पुंतलैंड

पुंतलैंड पर हमेशा आईएसआईएस का कब्जा रहा, इसके बावजूद इस देश में शांति का माहौल रहता है। यह देश वर्ड मैप पर मौजूद नहीं है। फिर भी यहां के लोग खुद को स्वतंत्र ही मानते हैं।

## पीएम मोदी ने लक्षद्वीप को दी 1150 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

# कवरत्ती द्वीप में केएलआई-एसओएफसी प्रोजेक्ट, इंटरनेट स्पीड 100 गुना से ज्यादा

*लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में करोड़ों की परियोजनाओं की शुरूआत होने से कनेक्टिविटी, जल आपूर्ति और सौर ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। इन परियोजनाओं से लक्षद्वीप में इंटरनेट की सुविधा बेहतर होगी, और टूरिज्म सेक्टर को बहुत बल मिलेगा।*

एजेंसी ▶▶ कवरत्ती द्वीप

लक्षद्वीप में विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में करीब 1150 करोड़ रुपये से भी अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें कनेक्टिविटी, जल आपूर्ति और सौर ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं में कोच्चि और लक्षद्वीप द्वीपों के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन शामिल है।

इन परियोजनाओं से लक्षद्वीप में इंटरनेट की सुविधा बेहतर होगी, और टूरिज्म सेक्टर को बहुत बल मिलेगा। प्रधान मंत्री ने लैपटॉप योजना के तहत छात्रों को लैपटॉप दिए और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्कूली छात्रों को साइकिलें दीं। उन्होंने किसानों और मछुआरों के लाभार्थियों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड भी सौंपे।

### कोच्चि और लक्षद्वीप द्वीपों के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्कूली छात्रों को साइकिलें दीं
- किसानों और मछुआरों के लाभार्थियों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड मिले




### सुविधा समर्पित

उन्होंने कहा कि कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप समूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन परियोजना आज लोगों को समर्पित कर दी गई है और यह लक्षद्वीप के लोगों के लिए 100 गुना तेज इंटरनेट सुनिश्चित करेगी।

### समुद्री भोजन बाजार में हिस्सेदारी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक समुद्री भोजन बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के भारत के प्रयास पर प्रकाश डाला। स्थानीय टूना मछली जापान को निर्यात की जा रही है। निर्यात गुणवत्ता वाली स्थानीय मछली मछुआरों के जीवन को बदल सकती है। समुद्री शैवाल खेती में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कवरत्ती में सौर ऊर्जा संयंत्र, जो लक्षद्वीप की पहली बैटरी समर्थित सौर ऊर्जा परियोजना है, ऐसी पहल का हिस्सा है।

### लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय मान्यता

पीएम मोदी ने जी20 बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप में दो ब्लू-फ्लैग मानदंड वाले समुद्र तट हैं और कदमत और सुहेली द्वीपों पर जल विला परियोजनाओं के विकास का उल्लेख किया। लक्षद्वीप क्रूज पर्यटन के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनता जा रहा है। पांच साल पहले की तुलना में पर्यटकों की आमद पांच गुना बढ़ गई है।

### 2020 में लिया था संकल्प
### पीएम बोले-जो कहा...वो किया

दरअसल अगस्त 2020 में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस के भाषण में पीएम मोदी ने कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप समूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन (केएलआई - एसओएफसी) परियोजना की शुरूआत करके लक्षद्वीप द्वीप में धीमी इंटरनेट गति की चुनौती को दूर करने का संकल्प लिया था। यह परियोजना अब पूरी हो चुकी है और इसका उद्घाटन बुधवार को पीएम मोदी ने किया। गौरतलब है कि इससे इंटरनेट स्पीड 100 गुना से ज्यादा (1.7 जीबीपीएस से 200 जीबीपीएस तक) बढ़ जाएगी। यह पहली बार है जब आजादी के बाद लक्षद्वीप को सबमरीन ऑप्टिक फाइबर केबल से जोड़ा जाएगा।

विदेश मंत्री आज जाएंगे काठमांडू

# नेपाल को सौगात: 132 केवीए की 3 प्रसारण लाइन का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





- भारत अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 4 व 5 जनवरी को नेपाल दौरे पर जाएंगे। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद के निमंत्रण पर काठमांडू का दौरा करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता किया जाएगा। भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट बिजली की खरीद करेगा। इसके अलावा सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर भी दोनों विदेश मंत्रियों की बैठक में चर्चा होगी। वे नेपाल सरकार के अन्य लोगों से भी मिलेंगे।

### भारत ने किया सहयोग

चार जनवरी को ही भारतीय विदेश मंत्री नवनिर्मित 132 केवीए के तीन प्रसारण लाइन का उद्घाटन करेंगे। इनमें बिहार से लगी रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और उत्तर प्रदेश के नौतनवा-मैनहवां ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन लाइन भारत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसी तरह भारत सरकार के सहयोग से काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय में निर्मित केंद्रीय पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन होगा। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी। 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल भारत का प्राथमिक भागीदार है।




## दोनों देशों के बीच हो रही डील

# पैसे दिए बिना वेनेजुएला देश से कच्चा तेल खरीदेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वेनेजुएला के बीच ऐसी डील हो रही है, जिसके चलते भारत को यह देश तेल की सप्लाई करने पर सहमत हो गया है। वेनेजुएला के पास तेल का अकूत भंडार छिपा है।

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला लंबित लाभांश के बदले भारतीय तेल कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को तेल की आपूर्ति करने पर सहमत हो गया है। हालांकि लिफ्टिंग की तारीखें नहीं दी हैं। ओवीएल के लंबित बकाया के बदले में हमें कुछ तेल देने पर सहमत हुए हैं। हम उठान की तारीखों का इंतजार कर रहे हैं।




### 2019 से प्रतिबंध

ओएनजीसी का 600 मिलियन डॉलर का लाभांश वेनेजुएला में फंसा हुआ है। अक्टूबर 2023 में वेनेजुएला सरकार और विपक्षी दलों के बीच हुए समझौते के बाद अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल एवं गैस पर लगे प्रतिबंधों को खत्म कर दिया था। 2019 से ही वेनेजुएला के तेल एवं गैस पर प्रतिबंध लगा हुआ था। प्रतिबंध लगने से पहले वेनेजुएला भारत का पांचवां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था। वेनेजुएला से तेल डील भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीददार है।

500 गांवों तक जखनी मॉडल को पहुंचाने की तैयारी

# दुनिया का पहला 'जल विवि' समझाएगा पानी की अहमियत

एजेंसी ▶▶ बांदा

बुंदेलखंड के हमीरपुर में दुनिया का पहला जल विश्वविद्यालय लोगों को पानी का महत्व समझाने लगेगा। यह वही बुंदेलखंड है, जहां कभी 'भौरा तेरा पानी गजब करी जाए, गगरी न टूटे चाहे खसम मर जाए' जैसी कहावत यहां के जल संकट की विभीषिका को बताती थी। अब वहीं से देश-दुनिया को पानी की अहमियत बताई जाएगी।

माना जा रहा है कि तीसरा विश्वयुद्ध पानी के लिए होगा, अब हमीरपुर में प्रस्तावित जल विवि पानी संबंधी चुनौतियों के समाधान के साथ विज्ञान, अभियांत्रिकी, एकीकृत कर वैश्विक जल संसाधन प्रबंधन व अनुसंधान से नवाचार को बढ़ावा देगा।

1 बुंदेलखंड की बदलेगी तस्वीर

2 खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ से जल बचाया जा सके



### विश्वविद्यालय का पानी की पाठशाला अभियान

बुंदेलखंड के 500 गांवों तक जखनी माडल पहुंचाने की तैयारी है, जिससे 'खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़' से जल बचाया जा सके। हमीरपुर के छेड़ी बसायक मुस्करा निवासी डॉ. रविकांत पाठक द्वारा प्रस्तावित जल विश्वविद्यालय पानी की पाठशाला अभियान के जरिए गांव-गांव तक जल ज्ञान और विज्ञान को पहुंचाएगा। मानक के अनुरूप जमीन की उपलब्धता के साथ ही विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को भी घोषित कर दिया गया है। हमीरपुर के रूरी पारा गांव में 70 एकड़ में प्रयोगशालाएं, अनुसंधान केंद्र, कक्षाएं और छात्रों व शोधार्थियों के लिए हास्टल के साथ आचार्यों के लिए आवास बनेंगे। विश्वविद्यालय में जल विज्ञान, जल अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन, जल और मानविकी, जल व अंतरिक्ष जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109